इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव






## राज्यसभा में नोटों का बंडल मिलने की हाई लेवल जांच शुरू, खंगाली जा रही सीसीटीवी फुटेज

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी की राज्यसभा सीट से 50 हजार रुपए कैश का बंडल मिलने के बाद हाईलेवल जांच के आदेश दिए गए हैं। मामले की जांच के लिए एक विशेष समिति भी गठित की गई है, जिसमें सुरक्षा एजेंसियों के अफसर, राज्यसभा सचिवालय के सदस्य और वरिष्ठ सांसद शामिल होंगे।

### 222 नंबर सीट कांग्रेस सांसद सिंघवी को आवंटित

राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को सदन में मौजूद सांसदों को बताया कि 500 रुपए के नोटों का एक बंडल, जिसकी कुल राशि 50,000 रुपए है, गुरुवार शाम को सदन स्थगित होने के बाद सीट संख्या 222 से मिला।

यह सीट तेलंगाना से चुने गए कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी को आवंटित है। सदन स्थगित होने के बाद की जाने वाली रेगुलर एंटी-सबोटाज जांच के दौरान, सुरक्षा अधिकारियों को कैश का बंडल मिला। हालांकि, सिंघवी ने सफाई में कहा कि उन्हें घटना की कोई जानकारी नहीं है और यह रकम भी उनकी नहीं है।



### मैं तो 500 रु. का एक नोट लेकर चलता हूं- सिंघवी

सभापति धनखड़ के बयान के बाद राज्यसभा में दोनों पक्षों में हंगामा हुआ। इसके बाद अभिषेक मनु सिंघवी ने बताया कि उन्होंने अपने दिन को किस तरह बिताया। उन्होंने कहा, यह पहली बार सुना है। मुझे कभी ऐसी बात नहीं पता थी! मैं जब राज्यसभा जाता हूं, तो 500 का एक नोट लेकर जाता हूं। यह पहली बार है जब मैंने ऐसा सुना। मैं 12-57 बजे सदन में पहुंचा और सदन 1 बजे स्थगित हो गया, फिर मैं 1.30 तक कैंटीन में बैठा था, और फिर संसद छोड़ दिया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### कैश बंडल कहां से आया, सीसीटीवी खंगाले जा रहे

अब उच्च सदन में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की मदद से यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि यह नकदी वहां कैसे पहुंची? घटना का खुलासा गुरुवार को एंटी-सबोटाज जांच के दौरान हुआ, जिसके बाद यह सूचना राज्यसभा सचिवालय को दी गई और नकदी को 'लॉस्ट एंड फाउंड' काउंटर पर जमा किया गया। बता दें कि सुरक्षा अधिकारी हर दिन सेशन खत्म होने के बाद एंटी-सबोटाज जांच करते हैं, जिसमें अक्सर सांसदों द्वारा छोड़ी गई वस्तुएं मिलती हैं। ये वस्तुएं फिर 'लॉस्ट एंड फाउंड' काउंटर पर जमा की जाती हैं।

## केंद्रीय कैबिनेट ने 85 नए केंद्रीय और 28 नवोदय विद्यालय की दी मंजूरी, दिल्ली मेट्रो को लेकर भी गुड न्यूज



नई दिल्ली। केंद्रीय कैबिनेट की शुक्रवार को आयोजित बैठक में कई बड़े और अहम फैसले किए गए हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 85 नए केंद्रीय विद्यालय और 28 नए नवोदय विद्यालय खोलने को मंजूरी दी गई है. साथ ही एक केंद्रीय विद्यालय का विस्तार किया जाएगा. केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय खोलने पर कुल 8232 करोड़ रुपये की लागत आएगी. साथ ही कैबिनेट ने मेट्रो के रिठाला-कुंडली कॉरिडोर को भी मंजूरी दे दी है.

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि 85 नए केंद्रीय विद्यालय और 28 नए नवोदय विद्यालय खोलने को मंजूरी दी गई है. इन नए केन्द्रीय विद्यालयों के खुलने से देश के 82 हजार छात्रों को सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा.

### 5,872 करोड़ की लागत का अनुमान

वैष्णव ने बताया कि 2025-26 तक आठ सालों की अवधि में 85 नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना और एक मौजूदा केंद्रीय विद्यालय के विस्तार के लिए कुल 5,872.08 करोड़ रुपये की लागत का अनुमान है. एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि 1,256 केंद्रीय विद्यालय का संचालन हो रहा है. इनमें से तीन मॉस्को, काठमांडू और तेहरान में भी हैं. इन स्कूलों में 13.56 लाख छात्र इन स्कूलों में पढ़ रहे हैं. वहीं 28 नए नवोदय विद्यालय खोलने के लिए 2359.82 करोड़ रुपये की लागत आएगी.

### चार साल में पूरा होगा मेट्रो कॉरिडोर

उन्होंने बताया कि केंद्रीय कैबिनेट ने दिल्ली मेट्रो के 26.46 किलोमीटर लंबे रिठाला-कुंडली कॉरिडोर को भी मंजूरी दे दी है. इस पर 6,230 करोड़ रुपये की लागत आएगी. उम्मीद की जा रही है कि कॉरिडोर के बनने के बाद राष्ट्रीय राजधानी और हरियाणा के बीच कनेक्टिविटी बढ़ेगी. केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि परियोजना मंजूरी की तारीख से चार साल में पूरी होने वाली है. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## महिला समेत सात नक्सलियों के समर्पण पर सीएम का ट्वीट, लिखा- सुशासन बना नक्सली हिंसा का जवाब



रायपुर(दावा)। छत्तीसगढ़ के सुकमा में गुरुवार को एक महिला समेत 7 नक्सलियों ने समर्पण किया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ इस सफलता को लेकर अपने सोशल मीडिया में ट्वीट किया है।

ट्वीट में लिखा है कि सुशासन नक्सलियों के हिंसा का जवाब बना है। शासन की योजनाओं से प्रभावित होकर सुकमा में एक महिला समेत 7 नक्सलियों ने सुरक्षा बल के जवानों के सामने भारी मात्रा में गोला-बारूद के साथ आत्मसमर्पण किया है। उन्हें पुनर्वास नीति के तहत सुविधाएं दी जाएंगी।

बता दें, छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षाबलों के बढ़ते दबाव और लगातार हो रहे एनकाउंटर के चलते नक्सल संगठन कमजोर पड़ रहे हैं, हाल के महीनों में कई नक्सली नेता और मिलिशिया के सदस्य मारे गए हैं। इसी दबाव के कारण अब बड़ी संख्या में नक्सली हथियार छोड़कर आत्मसमर्पण कर रहे हैं।

## शीतकालीन सत्र से पहले क्या छत्तीसगढ़ में होगा मंत्रिमंडल विस्तार ! सीएम साय के दिल्ली दौरे से अटकलें तेज

रायपुर। विधानसभा का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से शुरू हो रहा है। इससे पहले मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलें तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय दिल्ली दौरे पर हैं। इस दौरान शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात कर मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चर्चा होने की संभावना है। उनके साथ दोनों उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और अरुण साव भी हैं। सीएम के दिल्ली से लौटने के बाद नए मंत्री बनाए जा सकते है। विगत सोमवार को मुख्यमंत्री साय कैबिनेट की बैठक से पहले राज्यपाल रमेन डेका से मुलाकात करने पहुंचे थे।



कैबिनेट की बैठक से पहले सोमवार को राज्यपाल रमेन डेका से भी सीएम ने की थी मुलाकात

### दो नेता बन सकता हैं कैबिनेट मंत्री

राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच करीब 30 मिनट तक चर्चा हुई थी। हालांकि, इसे सौजन्य मुलाकात बताया गया था। इसके बावजूद अटकलें लगाई जा रही थी कि मुख्यमंत्री और राज्यपाल के बीच मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चर्चा हुई है। लोकसभा चुनाव के बाद से ही मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। प्रदेश में अभी दो नेताओं को कैबिनेट मंत्री बनाया जा सकता है। बृजमोहन अग्रवाल के इस्तीफे के बाद शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री के पास है। मंत्री पद की दौड़ में विधायक सुनील सोनी, राजेश मूणत, अजय चंद्राकर, रेणुका सिंह, अमर अग्रवाल, रेणुका सिंह आगे बताई जा रही हैं।

### निकाय चुनाव तक करना पड़ेगा इंतजार

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव भी कराया जाना है। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से 11 दिसंबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद 16 दिसंबर से शीतकालीन सत्र शुरू हो जाएगा, जो 20 तक चलेगा। सत्र के समापन के साथ ही निकाय चुनाव को लेकर आचार संहिता लग सकती है। बताया जाता है कि निकाय चुनाव को देखते हुए भाजपा मंत्रिमंडल विस्तार को टाल सकती है। निकाय चुनाव के लिए भाजपा और कांग्रेस ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

### गृहमंत्री शाह को दी नक्सलवाद की जानकारी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से नई दिल्ली में मुलाकात कर राज्य में नक्सलवाद से संबंधित जानकारी दी है। सीएम साय ने बताया कि राज्य के बस्तर और कोंडागांव जिले जो कभी नक्सल प्रभावित थे, अब पूरी तरह से नक्सल मुक्त हो चुके हैं।

अन्य क्षेत्रों से भी नक्सलियों को खत्म करने के लिए अभियान जारी है। साय ने ये जानकारी गृह मंत्री से बुधवार की रात उनकी मुलाकात के दौरान साझा की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने शाह को बताया कि राज्य सरकार और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कृषि मंत्री का बड़ा ऐलानः किसानों के दिल्ली मार्च के बीच शिवराज बोले- सभी फसलें एमएसपी पर खरीदी जाएंगी

नई दिल्ली। किसानों के दिल्ली मार्च और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानून की मांगों के बीच, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बड़ा बयान दिया है। शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार (6 दिसंबर) को राज्यसभा में कहा कि मोदी सरकार सभी कृषि उत्पादों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदेगी। चौहान ने कहा, 'यह मोदी सरकार है और यह मोदी जी की गारंटी है।' बता दें किसान लंबे समय से एमएसपी समेत कई मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।



### शिवराज का विपक्ष पर निशाना, दिया पुराने रिकॉर्ड का हवाला

शिवराज सिंह चौहान ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी, तो उसने एमएस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को ठुकरा दिया। शिवराज सिंह चौहान ने पूर्व कृषि मंत्री शरद पवार, के वी थॉमस और कांतिलाल भूरिया के पुराने बयानों का हवाला दिया। चौहान ने कहा कि पिछली सरकारों ने कभी किसानों के लाभकारी मूल्य की मांगों को गंभीरता से नहीं लिया।

### किसानों की एमएसपी पर कानून बनाने की मांग

किसानों की मांग है कि एमएसपी को कानूनी दर्जा दिया जाए। इसके तहत किसानों की उपज का न्यूनतम मूल्य सुनिश्चित किया जाए। चौहान ने राज्यसभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि 2019 से मोदी सरकार एमएसपी को उत्पादन लागत से 50 प्रतिशत अधिक तय कर रही है। शिवराज ने कहा कि यह किसानों के हित में बड़ा मोदी सरकार का बड़ा कदम होगा।

### किसानों की फसल 50 प्रतिशत लाभ पर खरीदी

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बीते तीन सालों में केंद्र सरकार ने गेहूं, धान, ज्वार और सोयाबीन जैसे फसलों को लागत से 50 प्रतिशत ज्यादा कीमत पर खरीदा है। इसके साथ ही, जब भी बाजार में कीमतें गिरी हैं। इसके साथ ही सरकार ने निर्यात शुल्क और मूल्य में बदलाव करके किसानों को राहत दी है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कदम उठा रही है।

### केंद्र ने किसानों के नजरअंदाज नहीं किया

कृषि मंत्री ने राज्यसभा में भरोसा दिया कि किसानों के सभी उत्पाद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को कभी नजरअंदाज नहीं किया गया है। सरकार ने हमेशा किसानों की जरूरतों को प्राथमिकता दी गई है। हालांकि, विपक्ष का कहना है कि कृषि मंत्री ने यह बयान किसानों के आंदोलन को शांत करने के लिए दिया है।

## बुलेट प्रूफ जैकेट घोटाले का फिर निकला 'जिन्न', पीएम को पत्र लिखकर जांच कराने की मांग

रायपुर (दावा)। प्रदेश में भूपेश बघेल सरकार में हुए 13 करोड़ रुपये के बुलेट प्रूफ जैकेट खरीदी में घोटाले का जिन्न एक बार फिर बाहर आ गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मामले की जांच कराने का आग्रह किया गया है। मार्च में भी प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा को पत्र लिखा गया था।

गृहमंत्री शर्मा ने कहा था कि ठोस प्रमाण होने पर जांच कराई जाएगी। प्रधानमंत्री को लिखे गए पत्र में दावा किया गया है कि भूपेश सरकार में चंदे पैसों के लिए जवानों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करते हुए घटिया क्वालिटी की बुलेट प्रूफ जैकेट की खरीदी की गई। उद्योग विभाग के एमडी अनिल टूटेजा के इशारे पर पुलिस मुख्यालय की ओर से बिलासपुर के मेसर्स प्रगति डिफेंस सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड से पूर्व निर्धारित योजना से खरीदी की गई। इसके लिए नियम तक बदल दिए गए। उस कंपनी को जिम्मेदारी दी गई, जो इस तरह का काम कभी नही किया था।



- घोटाले के एक साल बाद अभी तक नहीं हुई कार्रवाई
- कांग्रेस सरकार में जवानों के लिए की गई थी खरीदी
- प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर जांच कराने की मांग

### टूटेजा ने प्रभाव का किया था इस्तेमाल

पत्र में दावा किया गया है कि खरीदी में गड़बड़ी की अंदेशा को देखते हुए गृह विभाग की ओर से फाइल को दो बार पुलिस मुख्यालय वापस भी किया गया था। मगर, टूटेजा ने प्रभाव का इस्तेमाल कर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कांग्रेस संगठन कैडर बेस्ड नहीं-सिंहदेव

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के पूर्व डिप्टी सीएम सिंहदेव ने चुनावों में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि, कमियां तो हैं जिसका आंकलन करना होगा। कांग्रेस के पास जो वर्कर हैं उन्हें काफी ढीला छोड़ दिया गया है, बंधे हुए नहीं हैं। आगे उन्होंने कहा कि, कांग्रेस का जो स्वरूप है वो कैडर बेस्ड नहीं है।

बीजेपी और कुछ पार्टियां कई दशकों से कैडर बनाकर काम कर रही हैं। आरएसएस से भी साइलेंट वर्क फोर्स बीजेपी को मिल रहा है। बीजेपी में जो संगठन हैं वहां लगातार मीटिंग हो रही है, उनका संगठन अपने वर्कर को लगातार दौड़ा रहा है। ऐसा कैडर बनाने में कांग्रेस को टाइम लगेगा। एक्सरसाइज की जरूरत है।



पूर्व डिप्टी सीएम ने चुनावी नतीजों पर कहा- हमारे कार्यकर्ता बंधे हुए नहीं, एक्सरसाइज की जरूरत

सिंहदेव ने कहा कि, हम 72 से 35 सीटों पर क्यों आ गए? हम लोकसभा की भी सीट जीत सकते थे, लेकिन वहां भी नहीं जीत पाए। समीक्षा भी हुई है, लेकिन अब उस पर अमल करने की जरूरत है। बीजेपी में जो है, वो कांग्रेस में नहीं है। कांग्रेस लोगों की पार्टी है, लेकिन कैडर हमारे यहां नहीं है। हॉर्स ट्रेडिंग भाजपा का काम भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कांग्रेस पर हॉर्स ट्रेडिंग का आरोप लगाया है, चंद्राकर के आरोपों पर टीएस ने कहा कि नगरीय निकाय का चुनाव डायरेक्ट है, तो प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री भी डायरेक्ट चुनना चाहिए। हॉर्स ट्रेडिंग का डर यहां है तो प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री चुनने में भी हो सकता है। आजकल चलन में है ऑपरेशन लोटस। ये जो आयाराम, गयाराम की स्थिति है, इस पर सख्त कानून बनाना चाहिए। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## देश से आतंकियों के इकोसिस्टम का होगा खात्मा, अमित शाह ने बनाया सॉलिड प्लान

नई दिल्ली। नई आतंकवाद रोधी नीति के तहत सभी राज्यों में विशेष प्रशिक्षित आतंकवाद रोधी दस्ता तैनात किया जाएगा। इसके अलावा सभी राज्यों में युवाओं को कट्टरपंथी बनने से रोकने के लिए विशेष यूनिट भी बनाई जाएगी। गृह मंत्रालय नई आतंकवाद रोधी नीति को अंतिम रूप में देने में जुटा है। पिछले महीने आतंकवाद रोधी सम्मेलन को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने जल्द ही नई आतंकवाद रोधी नीति लाने का एलान किया था। एनआइए द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में सभी राज्यों के पुलिस महानिदेशकों समेत आतंकवाद रोधी एजेंसियों के प्रमुख मौजूद थे।

### 18 राज्यों में एटीएस या एसटीएफ किया गया गठन

गृह मंत्रालय के उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया कि फिलहाल 18 राज्यों में आतंकवाद रोधी दस्ता (एटीएस) या स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) का गठन किया गया है, जो पूरी तरह से आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के लिए समर्पित है। नई आतंकवाद रोधी नीति में सभी राज्यों में इस तरह से विशेष प्रशिक्षत दस्ते की तैनाती का प्रविधान किया जाएगा। इसमें इस विशेष प्रशिक्षत दस्तों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने का भी प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत इन विशेष दस्तों को एनएसजी द्वारा अनुमोदित हथियारों से लैस किया जाएगा और एनएसजी द्वारा उन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा।



### आतंकवाद के पूरे इकोसिस्टम को नष्ट करने में जुटी सरकार

सभी राज्यों में इन दस्तों के गठन के बाद वे पूरे भारत में एक आतंकवाद रोधी ग्रिड के रूप में काम करेंगे। नई आतंकवाद रोधी नीति में सिर्फ आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई ही नहीं, बल्कि उनके पूरे इकोसिस्टम से निपटने का प्रविधान भी किया जा रहा है। इसके तहत सभी राज्यों में युवाओं को कट्टरपंथी बनने से रोकने के लिए विशेष यूनिट भी बनाई जाएगी।

### फाइनेंशियल इंटेलीजेंस यूनिट भी गठित करेगी सरकार

इस यूनिट का काम कट्टरपंथ फैलाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ ही उनके बहकावे में आए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## डीएमएफ घोटाले में एक्शन : ईडी ने ठेकेदार मनोज द्विवेदी को किया गिरफ्तार

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित जिला खनिज फंड घोटाले में केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय ने एक बड़ा एक्शन लिया है। इसी मामले में निलंबित चल रही आईएएस रानू साहू के करीबी ठेकेदार मनोज कुमार द्विवेदी को गिरफ्तार कर लिया है।




आईएएस रानू साहू के लिए करोड़ों की वसूली का आरोप

मिली जानकारी के मुताबिक, ठेकेदार मनोज कुमार द्विवेदी की गिरफ्तारी, इसी मामले में माया वारियर से पूछताछ के बाद हुए खुलासे के आधार पर की गई है। बताया जा रहा है कि, ठेकेदार मनोज द्विवेदी ने डीएमएफ के कामों में ठेका दिलाने के लिए अवैध वसूली की है। उस पर आईएएस रानू साहू के लिए इसी जरिए से वसूली का आरोप है। मिली जानकारी के मुताबिक मानोज ने दूसरे ठेकेदारों से लगभग 12 करोड़ रुपये वसूले और माया वारियर के जरिये आईएएस रानू साहू तक पहुंचाया।

### मनोज द्विवेदी ने भी करोड़ों कमाए

यह भी पता चला है कि, ठेकेदार मनोज द्विवेदी अपना खुद का एक एनजीओ उद्गम सेवा समिति के नाम से (शेष पृष्ठ 6 पर...)



# श्री राम जानकी विवाह की शहर में निकाली भव्य शोभायात्रा

## श्री गणेश मंदिर मिथिला धाम में विधि विधान से हुई श्री राम जानकी का विवाह





राजनांदगांव (दावा)। शहर के श्री गणेश मंदिर मिथिला धाम में शुक्रवार को श्री राम जानकी विवाह की धूम बनी रही। मंदिर के पूज्य गुरुदेव मौनी बाबा के संरक्षण में विधि विधान के साथ संपन्न किए गए भगवान श्री राम व माता जानकी के शुभ विवाह में दुर्ग - भिलाई, दिल्ली राजहरा, डोंगरगांव आदि से धर्म प्रेमी श्रद्धालु-भक्तजन पधारे हुए थे।

श्री गणेश मंदिर मिथिला धाम के संरक्षक अशोक चौधरी ने बताया कि श्री राम जानकी विवाह में मां सीता के पक्ष से दिल्ली राजहरा से बड़ी संख्या में बाराती आए हुए थे। जिनका श्री गणेश मंदिर मिथिला धाम भगवान श्री राम पक्ष की ओर से भव्य स्वागत- सत्कार किया गया। इसके बाद भगवान श्री राम जानकी की शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। शोभायात्रा का बाजे-गाजे के साथ शहर के विभिन्न मार्गों में भ्रमण किया गया तत्पश्चात जूनी हटरी, जयस्तंभ चौक महावीर चौक आदि से होकर पुनः श्री गणेश मंदिर मिथिला धाम पहुंची। यहां श्री राम जानकी विवाह शोभायात्रा का स्वागत करने पद्मश्री डॉ पुखराज बाफना सपत्नीक उपस्थित रहे। वहीं शोभायात्रा में श्री चौधरी, रामचंद्र झा, योगेश माणेक, राजू झा, बिरजू मिश्रा, गोपी भाई, डोंगरगांव से उमाशंकर व अन्य जन तथा दुर्ग- भिलाई से लड्डू महराज, सीता झा आदि के साथ बड़ी संख्या में हिंदू धर्मावलंबियों की उपस्थिति बनी रही।

### श्रीमती हीरामणी झा ने किया मां सीता का कन्या दान

श्री राम जानकी विवाह में उग्र नारायण झा ने जहां पं. विश्वामित्र की भूमिका निभाई वहीं वैदेहीशरण जी ने पं. सत्यानंद जी की भूमिका निभाई। श्री राम जानकी शुभ विवाह के अवसर पर श्री गणेश, हनुमान मंदिर मिथिला धाम को भव्य रूप से सजाया गया था। रंग-बिरंगी विद्युत रौशनी से जगमग मंदिर में रात तक श्री राम जानकी विवाह के नेग-दस्तुर निभाए जाते रहे। विवाह में माता जानकी का कन्यादान हीरामती झा जी ने किया। इस दौरान मिथलाधाम मंदिर में वैवाहिक आयोजन की मनोहारी छटा बिखरी रही।

# बाबा काल भैरव के खजाने में 16 लाख 48 हजार 970 रुपए की आय हुई

उज्जैन। काल भैरव मंदिर की सात दान पेटियां गुरुवार को खोली गई। काल भैरव मंदिर समिति के अनुसार पिछले दो माह में बाबा काल भैरव के खजाने में 16 लाख 48 हजार 970 रुपए की आय हुई है। मंदिर के गर्भगृह में रखी दो छोटी भेंट पेटी में प्राप्त राशि की गणना शुक्रवार को की जाएगी। महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन को आने वाले देशभर के श्रद्धालु भगवान महाकाल के दर्शन के बाद सीधे बाबा काल भैरव के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। काल भैरव मंदिर में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है।



मंदिर समिति की प्रशासक संध्या मार्कंडेय ने बताया कि काल भैरव मंदिर में गुरुवार को बड़ी भेंट पेटियां खोल कर भेंट राशि की गिनती की गई है। देर शाम तक गिनती होने के बाद इस बार भेंट पेटी से दो माह के दौरान 16 लाख 48 हजार 970 रुपए की राशि मंदिर समिति को प्राप्त हुई है। भेंट राशि की गिनती पूर्ण होने के बाद राशि मंदिर समिति के खाते में जमा करवाई गई है। इसके अलावा शुक्रवार को मंदिर के गर्भगृह में रखी छोटी भेंट पेटी की गणना की जाएगी। बाबा महाकाल के दर्शन को आने वाले भक्त काल भैरव मंदिर जरूर जाते हैं। महाकाल लोक बनने के बाद पर्यटकों की संख्या में इजाफा हुआ है। इसके चलते शनिवार से सोमवार और अवकाश या त्योहार पर काल भैरव मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है। मंदिर समिति को आय का साधन भेंट पेटी

काल भैरव मंदिर समिति की आय का मुख्य साधन यह दान राशि ही है। काल भैरव मंदिर में किसी भी तरह के पूजन के लिए कोई शासकीय रसीद या शीघ्र दर्शन टिकट या अन्य किसी तरह की रसीद काटने की कोई व्यवस्था नही है। इसके अलावा मंदिर परिसर में लगी दीप मालिका को प्रज्ज्वलित कराने वाले भक्तों के माध्यम से जो कुछ रसीदें वर्ष भर में कटवाई जाती है, उसमें मंदिर समिति के पास केवल 700 रुपए पहुंचते हैं।

## पहला कॉलम...

### बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर महापौर, कलेक्टर एवं एसपी ने पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर कलेक्टारेट के अधिकारी, कर्मचारी एवं आम नागरिक उपस्थित थे।

### पेंशनर्स एसो. की बैठक रविवार को

राजनांदगांव (दावा)। पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश जिला ईकाई राजनांदगांव को मासिक बैठक रविवार दिनांक 08 दिसम्बर 2024 को स्थानीय ठा.प्यारेलाल हाईस्कूल में रखी गई है। बैठक में नगरकोट (धमतरी) में संगठन के स्थापना दिवस के अवसर पर होने वाले सम्मेलन में भाग लेने पर चर्चा की जाएगी। जिले के महामंत्री सुधीर शेण्डे ने जिला तहसील, नगर ग्रामीण ईकाई के पदाधिकारियों व सदस्यों से बैंठक में उपस्थित होने की अपील की है।

### नीरज विद्या मंदिर में आज वार्षिक क्रीड़ा उत्सव आयोजित

डोंगरगांव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर (मोहड़) में आज वार्षिक क्रीड़ा उत्सव का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनोद हथेल (जिला खेल अधिकारी) होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विजय टेंभूरकर (स्पोर्टस ऑफिसर) उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन के पदाधिकारी शिक्षाविद् इंजी. नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, इंजी. दिलीप तिवारी, रितेश शर्मा, नीरज कोटड़िया, समीर पोद्दार, सुश्री कुंतल बाजपेयी, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टरश्रीमती पुष्पा बाजपेयी, प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान एवं प्रशासक जी राम सिन्हा, विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। खेल शिक्षक एल.आर. कदम ने बताया कि आयोजन में अलग-अलग खेल विधाओं के तहत फायनल मैच खेले जाएंगे। इनमें एथलेटिक्स, व्हॉलीबॉल, फुटबॉल, कबड्डी आदि प्रमुख हैं। प्री-प्रायमरी के बच्चों के रोचक खेल भी होंगे।

विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। शिक्षा सत्र 2023-24 में कक्षा 10वी एवं 12वीं के टॉपर्स व खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में बच्चे आकर्षक मार्चपास्ट करते हुए सलामी भी देंगे। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में घनश्याम तिवारी ने दी।

# स्वच्छ शौचालय अभियान के तहत शहर के शौचालयों का मरम्मत व सुचारु संचालन




राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार आवासन तथा शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार स्वच्छ शौचालय अभियान 2024 के तहत निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर शहर के शौचालयों का मरम्मत कर सुचारू रूप से संचालन किये जाने आवश्यक व्यवस्था की जा रही है। सुचारू संचालन के लिये उन्होंने शौचालय के संचालकों की बैठक लेकर व्यवस्था दुरूस्त करने निर्देश दिये है, साथ ही महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं को शौचालयो का निरीक्षण कर नागरिको से फिडबैक लेने भी कहा गया है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने स्वच्छ शौचालय अभियान के संबंध मे बताया कि शासन के निर्देशानुसार विश्व शौचालय दिवस 2024 (19 नवम्बर) से लेकर गुड गवर्नेन्स डे 2024 (25 दिसम्बर) तक मिशन एक 5-सप्ताह लंबा स्वच्छ शौचलय अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य पूरे देश के सभी सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, रख रखाव, सौदर्यीकरण करना है। इसके अलावा शासन द्वारा पारदर्शी मुल्यांकन, सुधरात्मक कार्यवाही, संचालन एवं संधारण, शौचालयों की जिम्मेदारी, नागरिकों की प्रतिक्रिया, फुटफॉल मैपिंग अर्थात शौचालयों के उपयोगकर्ता की वास्तविक गणना करना संबंधी कार्य के लिये घटक निर्धारित किया गया है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि निर्धारित घटक के अनुसार कार्य करना है एवं अभियान की अवधि के अंत तक सभी सीटी एव पीटी और शौचालयों (चाहे वे स्वच्छ भारत मिशन के तह हो या नहीं) को पहले से अधिक बेहतर स्थिति में लाना है। जिसके क्रियान्वयन के लिये शहर में स्थित सार्वजनिक, सामुदायिक शौचालयों के बेहतर रख रखाव करने तथा आवश्यक मरम्मत करने के निर्देश दिये थे, निर्देशानुसार निगम के तकनीकि अधिकारी सीटीपीटी व यूरीनल पर पर्याप्त जल व्यवस्था, विद्युत व सीवर लाईन का बेहतर प्रबंधन करने के अलावा दरवाजा, खिडकी आदि मरम्मत करा रहे है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि शासन आदेशानुसार सार्वजनिक शौचालयों का मरम्मत संधारण किया जा रहा है। स्वच्छ एवं सुंदर शौचालय के लिये भारत सरकार द्वारा प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है, प्रतियोगिता के लिये टायलेट की ग्रेडिंग, एनयूएलएम अंतर्गत गठित स्व सहायता समूह की महिलाओ द्वारा किया जाना है। राजनांदगांव निगम सीमाक्षेत्रांतर्गत निर्मित सार्वजनिक शौचालयों की स्व-सहायता समूह द्वारा शासन मापदण्ड के अनुरूप निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नागरिकों से भी साफ सफाई रखने, स्वच्छता अपनाने, शौचालय का उपयोग करने, गंदगी न फैलाने अपील की जा रही है।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 20 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक वार्डो में शिविर आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह अक्टूबर 2024 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 20 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 27 दिसम्बर को सुभाष वार्ड नं. 27 व तिलक वार्ड नं. 28 के लिये कन्या प्राथमिक शाला भरका पारा में, विवेकानंद वार्ड नं. 29 के लिये मठपारा सामुदायिक भवन में व कैलाश वार्ड नं. 30 के लिये पार्षद कार्यालय कैलाश नगर में, 9 दिसम्बर को जनता कालोनी वार्ड नं. 31, संजय वार्ड नं. 32, लखोली वार्ड नं. 35 व सेठी नगर वार्ड नं. 36 के लिये यादव भवन गौठान लखोली में एवं 10 दिसम्बर को लखोली वार्ड नं. 33 के लिये कबीर भवन बैगा पारा लखोली में व कन्हारपुरी वार्ड नं. 34 के लिये शंकर भवन कन्हारपुरी में शिविर का आयोजन किया गया है। निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह अक्टूबर 2024 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

# 'बीमार नहीं रहा लाचार, हो रहा मुफ्त उपचार'

राजनांदगांव (दावा)। 'बीमार नहीं रहा लाचार, हो रहा मुफ्त उपचार' आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनांतर्गत प्रतिवर्ष प्रति परिवार को 5 लाख रूपए तक का बीमारी के उपचार कर स्वास्थ्य लाभ हेतु आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के लिए आम्बेडकर सेवा समिति, भरकापारा वार्ड क्र. 28 में एक दिवसीय शिविर का आयोजन दिनांक 05 दिसम्बर 2024 को वार्ड के पार्षद राजेश जैन (रानू) द्वारा जिन लाभार्थियों का मुफ्त उपचार कराने के लिए आयुष्मान कार्ड नहीं बना था ऐसे लाभार्थियों के लिए सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया गया था।



**आयुष्मान कार्ड शिविर का सफल आयोजन**

उक्त समयावधि में लगभग 96 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड शिविर में बनाया गया, शिविर में जीत परिहार, स्वास्थ्य विभाग, वार्ड मितानीन श्रीमती सरोज गिरिपूंजे, समिति अध्यक्ष श्रीमती शीला हेड़ाऊ द्वारा एक दिवसीय आयुष्मान कार्ड शिविर को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया गया। उक्त शिविर के शुभारंभ के शुभ अवसर पर वार्ड पार्षद राजेश जैन (रानू) राहुल सोनपीपरे, भाजपा के कार्यकर्तागण एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

आगामी दिनांक 09 दिसम्बर सोमवार को एक दिवसीय शिविर का पुनः आयोजन वार्ड क्र. 28 तिलक वार्ड के इंदिरा सरोवर स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित होना है, जो आयुष्मान कार्ड बनवाने से वंचित रह गए हों वे पुनः उक्त सामुदायिक भवन में राशन कार्ड, आधार कार्ड लेकर उपस्थित होवें। उक्त जानकारी पार्षद राजेश जैन (रानू) ने दी।

# विद्यार्थी सुविधा का ध्यान रखें तथा सकल नामांकन अनुपात बढ़ायें महाविद्यालय-आर प्रसन्ना

## उच्च शिक्षा सचिव श्री प्रसन्ना आर ने दुर्ग संभाग के प्राचार्यों को दिये निर्देश



राजनांदगांव (दावा)। उच्च शिक्षा विभाग के सचिव प्रसन्ना आर ने राजनांदगांव जिला पंचायत के सभागृह में दुर्ग संभाग के प्राचार्यों की बैठक ली। बैठक में दुर्ग संभाग के 86 कॉलेजों के प्राचार्य शामिल रहे। उच्च शिक्षा सचिव आर प्रसन्ना ने जिला पंचायत सभाकक्ष में सुबह करीब साढ़े दस बजे से दोपहर ढ़ाई बजे तक करीब चार घंटे तक मैराथन बैठक ली।

उच्च शिक्षा सचिव ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद उच्च शिक्षा विभाग से संबंधित विभिन्न विषयों की समीक्षा करते हुए कालेज के प्राचार्यो से विस्तार से चर्चा की और उनकी समस्याएं, सुझाव भी पूछे। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से कॉलेजों में शिक्षा एवं अन्य गतिविधियों की समीक्षा की। सर्वप्रथम श्री प्रसन्ना आर ने संभाग के महाविद्यालयों में प्रथम वर्ष में प्रवेश की स्थिति की समीक्षा करते हुए जिन महाविद्यालयों में कम प्रवेश हुए हैं वहां अगले शिक्षा सत्र में प्रवेश बढ़ाने हेतु प्रयास करने प्राचार्यों को निर्देशित किया। स्वीकृत सीट संख्या के विरूद्ध शत-प्रतिशत नामांकन दर्ज हेतु महाविद्यालयों द्वारा 'पोषक-विद्यालय संपर्क अभियान' चलाने कहा। उन्होंने कहा की वर्तमान में प्रदेश की सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) 19.6 है, उसे नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार 2035 तक 50 प्रतिशत करना है, जिसके लिए प्रवेश में वृद्धि करना होगा।

प्राचार्यों से उन्होंने विद्यार्थियों की कक्षा में उपस्थिति, कोर्स करिकुलम पूर्णता की स्थिति तथा सतत् आंतरिक मूल्यांकन की अद्यतन स्थिति पर चर्चा की एवं इसे समय पर पूर्ण करने हेतु प्राचार्यों को निर्देशित किया। विद्यार्थियों के सुविधा संबंधित विषयों यथा छात्रवृत्ति, प्रसाधन/शौचालय की स्थिति तथा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था तथा आवश्यकता पर विस्तृत चर्चा की। महाविद्यालय के नैक मूल्यांकन की स्थिति, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रोजेक्ट कार्य, स्थानीय उद्योगों से एम.ओ.यू. की समीक्षा करतें हुए उन्होने प्राचार्यों से कहा की सभी महाविद्यालय अनिवार्य रूप से स्थानीय उद्योगों से एम.ओ.यू. करें तथा विद्यार्थियों को इन उद्योगों का विजिट करायें, कार्यशाला का आयोजन करें तथा इन उद्योगों मे विद्यार्थियों के प्लेसमेंट को बढाने के प्रयास करें तथा महाविद्यालयों में शोध कार्य को बढावा दे। श्री प्रसन्ना ने निर्माण से संबंधित मांगों को स्थानीय स्तर पर विभिन्न मदों से पूरा करने कहा है तथा स्टाफ की कमी एवं अन्य प्रकार की मांग एवं समस्याओं का निराकरण शासन स्तर से करने हेतु प्राचार्यो को आश्वस्त किया।

समीक्षा बैठक में उपस्थित उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त जे.पी. पाठक ने महाविद्यालय के अधिकारियों कर्मचारियों के स्थापना एवं सेवा संबंधी प्रकरणों पर भी चर्चा की। महाविद्यालयों के रिक्त पदों की संख्या, इसके विरूद्ध अतिथि व्याख्याता नियुक्ति की स्थिति, पुस्तकालय/वाचनालय, प्रयोगशाला, अतिरिक्त कक्ष निर्माण तथा अध्ययन कक्ष की उपलब्धता की जानकारी ली तथा सभी प्राचार्यो से आवश्यकता पर बात की। समीक्षा बैठक में क्षेत्रीय अपर संचालक डॉ. राजेश पांडेय, संयुक्त संचालक डॉ. जी. ए. धनश्याम, ओएसडी डॉ.डी.के.श्रीवास्तव एवं ओएसडी हिमांशु वर्मा तथा सभी महाविद्यालयों के प्रचार्य उपस्थित थे।

# विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी ने कलेक्टर एवं एसपी से की क्रिस्टोफर पाल की शिकायत

राजनांदगांव (दावा)। क्रिस्टोफर पाल द्वारा प्रिंट मिडिया एवं इलेक्ट्रानिक मिडिया में शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों अवमाननापूर्ण कथनों के प्रसारण एवं शिक्षा विभाग की छवि को धूमिल करने की शिकायत की गई है।

छ.ग.पैरेन्ट एसोसिएशन के बैनर तले क्रिस्टोफर पाल द्वारा लगातार शिक्षा विभाग व अधिकारी, कर्मचारी एवं शिक्षक गणों के विरूद्ध असत्य भ्रामक एवं मानहानि कारक समाचार/पोस्ट, विभिन्न सोशल मिडिया व प्रिंट मिडिया ग्रुपों में प्रसारित किया जा रहा है, जिसके कारण शिक्षा विभाग की छवि धूमिल होने के साथ-साथ कर्मचारियों की सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल होने व कार्य क्षमता प्रभावित हो रही है। क्रिस्टोफर पॉल द्वारा शिक्षा विभाग में लगभग प्रतिदिन अनावश्यक एवं तथ्यहीन पत्राचार व स्वयं उपस्थित होकर विभाग का समय नष्ट करता है।

उपरोक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए इसकी आय की स्त्रोतों एवं संदिग्ध गतिविधियों की जांच करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने निम्नांकित विभिन्न कर्मचारी संघ छ.ग.शिक्षक कांग्रेस संघ राजनांदगांव, छात्रावास अधीक्षक कल्याण संघ राजनांदगांव, सर्व शिक्षक संघ राजनांदगांव, छ.ग.शालेय शिक्षक संघ राजनांदगांव, सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महा संघ राजनांदगांव, छ.ग.प्रदेश शिक्षक संघ राजनांदगांव, छ.ग.प्रदेश शिक्षक फेडरेशन राजनांदगांव, छ.ग.स.प्र.चि.छे.अ.संघ राजनांदगांव व टीचर्स एसोसियेशन राजनांदगांव, नवीन शिक्षक संघ राजनांदगांव, जिलाध्यक्ष अजाक्स जिला इकाई राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्म. संघ राजनांदगांव द्वारा कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की गई है।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
0-2-4
156-2 489-1
राजधानी
3-5-7
346-3 349-6

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

E-Court No.-202410090400030 अ/6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम भानपुरी, प.ह.नं.-28 तहसील व जिला राजनांदगांव एवं सर्व साधारण आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि, आवेदिका श्रीमती शांता उर्फ कांता साहू पति स्व. श्यामलाल साहू निवासी ग्राम भानपुरी पो. पेण्ड्री तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि, ग्राम भानपुरी प.ह.नं. 28 तहसील जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं. 69/1,178/1,258/1, 308 रकबा क्रमशः 0.113 हे., 0.360 हे., 0.016 हे., 0.008 हे. कुल खसरा नं. 04 कुल रकबा 0.497 हे0 भूमि श्यामलाल पिता कृपाराम वर्ग अन्य पिछड़ा वर्ग जाति साहू के भूमिस्वामी हक स्वामित्व में दर्ज व स्थित है। भूमिस्वामी श्यामलाल पिता कृपाराम की मृत्यु दिनांक 05.03.2014 को हो चुकी है। स्व. श्यामलाल के विधिक वारिसान उनकी विवाहिता पत्नी स्व.तिलोचना की एकमात्र पुत्री अनावेदिका पुष्पा बाई पिता स्व. श्यामलाल साहू तथा दूसरी पत्नी आवेदित शांता उर्फ कांता बाई पति स्व. श्यामलाल साहू हैं। उक्त आवेदित भूमि के संबंध में माननीय न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 के द्वितीय अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 राजनांदगांव के व्यवहार वाद क्रं.-29 ए/2017 में पारित निर्णय दिनांक 23/11/2021 के अनुसार उक्त प्रकरण की वादिनी पुष्पा बाई पिता स्व.श्यामलाल को ग्राम भानपुरी स्थित भूमि कुल खसरा नं. 04 कुल रकबा 0.497 हे. पर आधा हिस्सा प्राप्त करने की अधिकारिणी घोषित कर स्थायी निषेधाज्ञा प्राप्त करने की अधिकारी घोषित किया गया है। जिसके विरुद्ध अनावेदिका पुषा बाई पिता स्व.श्यामलाल द्वारा माननीय प्रथम अपील न्यायालय प्रथम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत की गई। जिसका व्यवहार अपील क्रं.-56 ए/2021 में पारित निर्णय दिनांक 29/09/2022 के अनुसार विचारण न्यायालय द्वारा पारित निर्णय एवं आज्ञप्ति दिनांक 23. 11.2021 की पुष्टि किया जाकर अपीलार्थी/वादी पुष्पा बाई द्वारा प्रस्तुत व्यवहार अपील विधि एवं तथ्यों के अनुरूप नहीं होने से अस्वीकार किया गया है। अतः आवेदित भूमि के भूमिस्वामी श्यामलाल आ0 कृपाराम की मृत्यु उपरान्त माननीय न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 के द्वितीय अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 राजनांदगांव के व्यवहार वाद कं.-29 ए/2017 में पारित निर्णय दिनांक 23/11/2021 एवं माननीय न्यायालय प्रथम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत व्यवहार अपील क्रं.-56 ए/2021 में पारित निर्णय दिनांक 29/09/2022 के अनुसार आवेदिका एवं अनावेदिका का नाम आवेदित भूमि के राजस्व अभिलेख में दर्ज कर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्रकरण राजस्व न्यायालय ई-कोर्ट में सुनवाई हेतु स्थानांतरित किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे पेशी दिनांक 24/12/2024 तक लिखित में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित पेशी तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव उक्त ईश्तहार आज दिनांक 06/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक :- 06/12/2024**
**सुनवाई दिनांक :- 24/12/2024**

**नायब तहसीलदार, राजनांदगांव (छ.ग.)**

### तहसीलदार राजनांदगांव के न्यायालय जिला राजनांदगांव छ.ग.

**ईश्तहार**

रा.मा.क्रं....... बी-121 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधन आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय कुमार गेडाम आ. शिवचरण निवासी शहर / ग्राम मोहड़ वार्ड नं.49 प.ह.नं. तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा अपने पुत्र मोहित कुमार, कुणाल आ. विजय कुमार जन्म प्रमाण प्रत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में जन्म प्रणाम पत्र जारी कियें जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 9/12/2024 तक लिखित में स्वंय/अथवा अपने अभिभाषक के माध्याम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 27/11/2024 को मेरे स्वंय के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

जारी दिनांक 27/11/2024
सुनवाई दिनांक 9/12/2024

**कार्यपालिक दंडाधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)**

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 3 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 11.45, 3.15 व 8.30 बजे रात्रि
फिल्म की लम्बाई अधिक होने के कारण समय का ध्यान रखें
पुष्पा 2
कलाकार - अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना, फहाद फाज़िल आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm bookmyshow
SILVER SCREEN MULTIPLEX
05th Dec To 12th Dec 2024




Pushpa The Rule 2 -
09:45am, 10:00am, 10:15am, 01:30pm, 01:45pm, 02:00pm, 05:15pm, 05:30pm, 05:45pm, 09:00pm, 09:15pm and 09:30pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# 72 साल के बुजुर्ग व्हाट्सएप कॉल उठाया, सामने थी न्यूड लड़की, 31 लाख की ठगी में कोर्ट ने किया इंसाफ



**बैकुंठपुर। शहर में न्यूड वीडियो बनाकर वायरल करने के नाम पर पैसे की ठगी करने का मामला सामने आया है। उक्त मामले में कोतवाली थाना में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी, जिस पर कोर्ट ने आपत्तिजनक वीडियो बनाकर रुपये की वसूली करने वाले दो जालसाजों को चार साल की सजा सुनाई है।**

जानकारी के अनुसार बिजेंद्र कुमार यादव (72 वर्ष), निवासी जूनापारा, वार्ड क्रमांक 19 ने तीन जुलाई 2023 को शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि 21 मई 2023 की रात्रि आठ बजे मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप वीडियो कॉल आया, जिसे उन्होंने परिचित का समझकर उठाया।

वीडियो कॉल में एक युवती नग्न अवस्था में दिखी। प्रार्थी ने तुरंत कॉल बंद कर दिया, लेकिन इसके बाद उस युवती ने स्क्रीनशॉट लेकर उन्हें ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। युवती ने उनसे 50,000 रुपये की मांग की। प्रार्थी ने पैसे नहीं भेजे, परंतु बाद में अलग-अलग मोबाइल नंबरों से धमकी भरे कॉल और संदेश मिलने लगे।

इन धमकियों से भयभीत होकर उसने कुल 31,24,514 रुपये विभिन्न बैंक खातों में स्थानांतरित किए। रिपोर्ट पर थाना बैकुंठपुर में अपराध की धारा 388, 420 भा.द.वि. एवं धारा 66(ग) आईटी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

### यूपी - हरियाणा से जुड़े तार

केस की जांच के दौरान, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आरोपियों की पहचान की गई। पुलिस ने आरोपी किशन कुमार (32 वर्ष), निवासी बल्लभगढ़, फरीदाबाद, हरियाणा और नीरज कुमार (34 वर्ष), निवासी लालकुआं, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश को 20 अगस्त 2023 को गिरफ्तार किया।

दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। मामले की सुनवाई के दौरान पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और अभियोग पत्र के आधार पर न्यायालय ने 30 नवंबर 2024 को आरोपित किशन कुमार और नीरज कुमार को दोषी ठहराया है, जिसमे न्यायालय द्वारा आरोपियों को कारावास एवं अर्थदंड की सजा से दंडित किया गया है।

यह मामला साइबर अपराध और ब्लैकमेलिंग के गंभीर परिणामों को उजागर करता है। एसपी सूरज सिंह परिहार ने आम जनता को धोखाधड़ी से सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना पुलिस को देने की अपील की है।

# डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाईन निर्माण में प्रभावित किसानों द्वारा उचित मुआवजा को लेकर किया प्रदर्शन




डोंगरगढ़(दावा)। डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाईन निर्माण से प्रभावित किसानों का जमीन अधिग्रहण का काम चालू होना है। प्रभावित किसानों ने पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल के नेतृत्व में अपनी मांगों को लेकर रेलवे फुटबॉल ग्राउंड से रेलवे टिकिट ऑफिस तक जय जवान जय किसान का नारा लगाते हुए प्रदर्शन कर रेलवे स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपा है।

**पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल के नेतृत्व में किसानों ने स्टेशन प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा**

प्रभावित किसानों का कहना है कि रेलवे प्रशासन हर घर से एक व्यक्ति को नौकरी, वर्तमान में जमीन बाजार मूल्य से 4गुना ज़्यादा की मुआवजा एवं जमीन अधिग्रहण से पहले एक बार फिर से सर्वे का कार्य करना चाहिए। क्योंकि पूर्व में जो सर्वे 2016-17 में हुआ था। उस समय किसानों के खेत की स्थिति अलग थी और वर्तमान में अलग है। आज उन अधिग्रहित किसानों के जमीन में बोर, मकान इत्यादि का निर्माण हो चुका है। केन्द्र सरकार , राज्य सरकार एवम् रेलवे प्रशासन से हम अपनी मांगों को रख रहे हैं। हमारी मांगो को सरकार पूरी करें जिसके लिए आज हम ज्ञापन के माध्यम से अपनी बातों को सरकार तक पहुंचा रहे हैं। पूरे मामले को लेकर चीफ़ स्टेशन मास्टर गुरुचरण शेट्टी ने मीडिया को बताया कि किसान जमीन का मुआवजा वर्तमान कीमत, सरकारी नौकरी की मांग कर रहे हैं। जिसे डी आर एम को भेजा जाएगा।

# नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



राजनांदगांव (दावा)। नीरज पैरेन्ट्स प्राइड स्कूल-बल्देवबाग के कक्षा 1 के छात्रों को शर्मा बेकरी का भ्रमण कराया गया जिसमें बच्चों को बेकरी में बनने वाले भिन्न-भिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों को बनाने के संबंध में बताया गया। जिसमें केक एवं पेस्ट्री के संबंध में जानकारी दिये जाने पर बच्चों का ध्यानाकर्षण रहा एवं शैक्षणिक भ्रमण की कड़ी में ही कक्षा 2 के छात्रों को राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन भ्रमण कराया गया। उक्त भ्रमण में बच्चों को नवनिर्माणाधीन रेल्वे स्टेशन संबंधित बातें बतायी गई, इसके साथ ही साथ बच्चों को रेल्वे स्टेशन संबंधित सम्पूर्ण जानकारियां जिसमें स्टेशन पहुंचने पर हमें किन-किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है, प्लेटफार्म टिकट, यात्री टिकट एवं आरपीएफ संबंधी समस्त जानकारियों से अवगत कराया गया। बच्चों के जिज्ञासा भरे प्रश्नों को बच्चों के अनुसार समझाया गया। इन जानकारियों से अवगत होकर बच्चों में उत्साह दिखा।

उक्त स्टेशन भ्रमण के दौरान राजेश कुमार बर्मन (स्टेशन मैनेजर राजनांदगांव) एवं रवि सर का योगदान सराहनीय रहा जिन्होंने बच्चों को सभी प्रकार की जानकारी प्रदान की। इस अवसर भ्रमण समाप्ति पश्चात् स्कूल संचालक नीरज बाजपेयी एवं श्रीमती सोनल बाजपेयी ने स्टेशन मैनेजर एवं उनकी टीम को उक्त सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कक्षा शिक्षिकाओ-शिक्षकों एवं सहयोगी स्टाफ के द्वारा सुरक्षा चक्र बनाकर बच्चों को बीच में रखकर यह भ्रमण कराते हुए छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। उक्त अवसर पर शाला प्राचार्या श्रीमती ईला राठौर, उपप्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लई उपस्थित रहीं। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।

# महतारी वंदन योजना से महिलाओं के चेहरे पर आत्मविश्वास एवं आत्मनिर्भरता की झलकी खुशी



राजनांदगांव (दावा)। महतारी वंदन योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन की दिशा में कारगर साबित हो रही है। महिलाओं के सम्मान और उन्हें जीवन में आगे बढने की प्रेरणा मिली है। इस योजना अंतर्गत महिलाओं के खाते में प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि प्राप्त हो रही है। अब तक जिले में लगभग 2 लाख 57 हजार महिलाओं को 10 किश्त में लगभग 242 करोड़ रूपए की राशि प्राप्त हुई है। महिलाओं के चेहरों पर यह खुशी आत्मविश्वास एवं आत्मनिर्भरता की है। उन्होंने मोबाईल पर महतारी वंदन योजना अंतर्गत प्राप्त राशि का नोटिफिकेशन दिखाकर अपनी खुशी जाहिर की।

**० अब तक जिले में लगभग 2 लाख 57 हजार महिलाओं को 10 किश्त में लगभग 242 करोड़ रूपए की राशि हुई प्राप्त**

राजनांदगांव शहर के शीतला पारा वार्ड नंबर 8 मोतीपुर निवासी श्रीमती मधु साहू ने बताया कि वह महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि को बचत कर रही हैं। एक ही परिवार के तीन महिलाएं इस योजना से लाभान्वित हो रही है। 50 वर्षीय श्रीमती सरोज निर्मलकर गृहिणी हैं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि वह इस राशि का उपयोग घरेलू खर्च में करती हैं। वही उनकी देवरानी श्रीमती रजनी निर्मलकर ने बताया कि वह प्राप्त राशि का उपयोग बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के लिए कर रही है। उनकी बहू श्रीमती कंचन निर्मलकर ने बताया कि महतारी वंदन योजना अंतर्गत प्राप्त राशि का उपयोग अपने बच्चे के अच्छे स्वास्थ्य के लिए करती हैं। एक ही परिवार की दो महिला श्रीमती वेणु साहू एवं श्रीमती शोभा साहू भी महतारी वंदन योजना के तहत लाभान्वित हो रही हैं। उन्होंने बताया कि वह इस राशि का उपयोग घरेलू कार्य में कर रही है। सभी महिलाओं ने महतारी वंदन योजना के तहत राशि प्राप्त होने पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को तहेदिल से शुक्रिया कहा।

# मानव मंदिर चौक समीप का ट्रांसफर यातायात को कर रहा बाधित... आवाजाही की दृष्टि से बना खतरनाक



राजनांदगांव (दावा)। शहर के मानव मंदिर चौक समीप स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर लोगों के आवाजाही की दृष्टि से बाधक बना हुआ है वहीं आए दिन उससे टकराकर एक्सीडेंट होने के कारण खतरनाक भी बना हुआ है। सड़क के लगभग बीचों-बीच होने के कारण मवेशी उसमें जोर आजमाइश करते नजर आते हैं। उक्त ट्रांसफार्मर में बिजली तारों का मकड़जाल होने तथा मवेशियों के सींग मारने व लड़ते हुए टकरा जाने से ट्रांसफॉर्मर में चिंगारियां उठने लगती है। इससे आग लगने का खतरा बना रहता है। इससे डरे हुए आसपास के व्यवसायी व रहवासियों द्वारा उक्त खतरनाक ट्रांसफार्मर को अन्यत्र हटाने की मांग की गई है।

**० रोजाना हो रहे एक्सीडेंट**
**० ट्रांसफार्मर को अन्यत्र हटाए जाने की मांग**

बता दें कि मानव मंदिर से पुत्री शाला जाने वाले रास्ते पर पुराने अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट के सामने सड़क के लगभग बीचो बीच खड़े उक्त विद्युत ट्रांसफार्मर से टकरा कर आए दिन दुर्घटनाए होते रहती है।

सड़क के लगभग बीच में होने के कारण लोगों को वहां पर यातायात जाम को झेलना पड़ता है। वहां पर कोई ट्रैफिक सिपाही तैनात नहीं होने के कारण लोग यातायात जाम में फंस कर छटपटाते हुए रह जाते हैं।

समीप ही दुकान चलाने वाले अजय सिंह परिहार ने बताया कि यातायात के मार्ग में बाधक बने उक्त ट्रांसफार्मर को हटाने के लिए कलेक्टर को भी आवेदन किया गया था। तत्कालीन कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने विद्युत विभाग की आदेशित? भी किया है। इसके बाद? भी उक्त ट्रांसफार्मर हटाया नहीं जा सका है। यातायात की दृष्टि से खतरनाक बना ट्रांसफार्मर आज भी बड़े शान से खड़ा लोगों को मुंह चिढ़ा रहा है।

कलेक्टर श्री मौर्य द्वारा उक्त ट्रांसफार्मर को हटाए जाने हेतु दिए गए निर्देश के उपरांत उसे हटाने के लिए मानव मंदिर के बगल में हनुमान मंदिर से थोड़ी आगे पापुलर बुक्स के सामने तिराहे वाली जगह का चयन कर लिया गया था। लेकिन वहां पर के चश्मा दुकान वाले द्वारा विरोध किए जाने पर ट्रांसफार्मर स्थानांतरित करने वाले लोग वापस लौट गए। उसके बाद विद्युत कंपनी वालों द्वारा इस संबंध में कोई प्रयास ही नहीं किया गया। इसके कारण आज भी वह ट्रांसफार्मर अट्टहास करता हुआ लोगों को मुंह चिढ़ाता हुआ खड़ा है। लेकिन यातायात की दृष्टि से बाधक बने उक्त ट्रांसफार्मर को हटाने की ताकत विद्युत विभाग वाल नहीं दिखा पा रहें हैं। जिसके कारण आए दिन उससे टकरा कर हादसे हो रहे हैं। इससे उक्त ट्रांसफार्मर यातायात की दृष्टि से खतरनाक बना हुआ है। जो कि आसपास के व्यवसायी व रहवासियों के लिए जान लेवा साबित हो रहा है। उसे लोगो द्वारा विद्युत मंडल से जल्द ही हटाए जाने की मांग की गई है।

> मेरे रहते उक्त ट्रांसफार्मर के संबंध में कोई शिकायत नहीं आई है और न उसे हटाए जाने के कोई उपरी निर्देश है। मांग करने वालों को नगर निगम व विद्युत कार्यालय में लिखित में शिकायत करनी चाहिए।
>
> **आर के गोस्वामी**
> **डीई, सीएसपीडीसीएल, राजनांदगांव**

# अशोका में विद्यार्थियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण




राजनांदगांव (दावा)। नगर के अग्रणी अशोका आई.टी.आई. में दिनांक 4 दिसम्बर को केन्द्र सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा चलाये जा रहे स्वास्थ्य परीक्षण अभियान के अंतर्गत मनकी स्थित छत्तीसगढ़ आर्युवेदिक महाविद्यालय के चिकित्सकों द्वारा अशोका आई.टी.आई. में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विदित हो कि आयुष मंत्रालय भारत सरकार के एप 'प्रकृति परीक्षण' के माध्यम से पहले समस्त छात्र-छात्राओं का पंजीकरण किया गया तत्पश्चात् उपस्थित चिकित्सकों के दल ने बारी-बारी से सभी विद्यार्थियों का प्रश्नोत्तर के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उपचार हेतु मार्गदर्शन दिया।

छत्तीसगढ़ आर्युवेदिक महाविद्यालय के चिकित्सकों के दल में डॉ. पूर्णिमा छाजेड़ के नेतृत्व में डॉ सोनिका पांडे, डॉ. नित्या, डॉ. सृष्टि, डॉ. भरत, डॉ.आयुषी एवं डॉ.अंजल उपस्थित थे। कुछ विद्यार्थियों को परीक्षण उपरांत गहन चिकित्सकीय जांच हेतु उन्हें उनके चिकित्सा महाविद्यालय में आने हेतु भी कहा गया। अशोका आई.टी.आई. की ओर से वरिष्ठ प्राध्यापक प्रवीण अग्रहरि एवं अमित चौरसिया ने उक्त शिविर का संचालन किया। शिविर के अंत में अशोका आई.टी.आई के संचालक भूपेन्द्र चन्द्राकर ने सभी चिकित्सकों के प्रति आभार प्रदर्शित किया।

# रॉयल किड्स कान्वेंट में डॉ. जे.बी. सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शानदार आगाज़



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान रॉयल किड्स कान्वेंट में शाला के संस्थापक डॉक्टर जे.बी. सिंह सर की स्मृति में डॉ. जे.बी. सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। इस टूर्नामेंट का आगाज आज 6 दिसंबर को संस्था संस्थापक डॉं. जे.बी. सिंह की सुपुत्री श्रीमती स्वयंवरा सिंह एवं सिद्धांत ढोढी (यूएसए में निवासरत) के शुभ करकमलों द्वारा हुआ।

यह टूर्नामेंट डॉक्टर जे. बी. सिंह सर की स्मृति में आयोजित किया जाता है, जिन्होंने शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

इस अवसर पर सर्वप्रथम सरस्वती जी की पूजा अर्चना कर शाला के संस्थापक डॉ. जयंत बहादुर सिंह एवं आशीर्वादक लाल शंकर बहादुर सिंह को याद कर 1 मिनट का मौन रखा गया। फिर राष्ट्रीय गान के बाद मार्शल टॉर्च रन से टूर्नामेंट शुरू हुआ और सर्वप्रथम शिक्षक और विद्यार्थियों के मध्य फुटबॉल मैच हुआ जिसमें शिक्षक 4-2 से विजयी रहे। इसी कड़ी में युगांतर पब्लिक स्कूल एवं अजीज पब्लिक स्कूल के मध्य मैच हुआ जिसमें युगांतर पब्लिक 4-0 से विजयी रही। तत्पश्चात रॉयल किड्स कान्वेंट एवं नीरज बाजपेई इंटरनेशनल स्कूल के मध्य मैच हुआ जिसमें नीरज वाजपेयी स्कूल 3-0 से विजयी रही।

टूर्नामेंट में विभिन्न स्कूलों की टीमें भाग ले रही हैं और यह एक रोमांचक और प्रतिस्पर्धी माहौल का वादा करता है। टूर्नामेंट का उद्देश्य न केवल फुटबॉल के प्रति उत्साह बढ़ाना है, बल्कि युवाओं को सामाजिक और शैक्षिक मूल्यों के बारे में भी जागरूक करना है। इस टूर्नामेंट के आयोजन में रॉयल किड्स कान्वेंट के बोर्ड मेंबर श्रेयांश बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में छात्रों ने मिलकर काम किया है ।इसकी सफलता के लिए सभी कर्तव्य निष्ठ हैं।

इस अवसर पर शाला की अध्यक्षा श्रीमती डॉक्टर सविता जे. बी. सिंह, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, बोर्ड मेंबर जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह, डॉ. स्वर्णा सिंह, श्रीमती इला सिंह, शाला के अकैडमिक डायरेक्टर एवं प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल, बरसर इंद्रकुमार वैष्णव उपस्थित थे और उन्होंने बच्चों को सफलता के लिए आशीर्वाद प्रदान किया।

# फेसबुक में बालिका का विडियो प्रसारण करने वाले को पुलिस ने पकड़ा



राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर थाना पुलिस द्वारा अपने थाना क्षेत्र के एप अवयस्क बालिका के नग्न फोटो खींचकर वायरल करने वाले आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा है। बताया जाता है कि आरोपी युवक उक्त घटना करने के बाद पुलिस के डर से भागा-भागा फिर रहा था जिसे पुलिस ने मोबाइल नं ट्रेस के आधार पर पकड़ लिया गया है।

बसंतपुर थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने बताया कि आरोपी से घटना मे प्रयुक्त एक नग रेडमी कम्पनी का मोबाइल जप्त किया गया है आरोपी कि नाम मयंक मानिकपुरी पिता स्व. नवेन्द्र दास मानिकपुरी उम्र 29 वर्ष निवासी चौखड़िया पारा वार्ड नं. 40 बताया जाता है।

**एक साल से लुक छिप रहा था आरोपी मोबाइल नं. आधार पर पुलिस के हत्थे चढ़ा**

बता दें कि राष्ट्रीय स्तर पर गुम बच्चों के लिए प्रेषित साईबर टीप लाईन रिपोर्ट 131821105 जिसमें सोशल मिडिया पर बच्चों एवं महिलाओ संबंधित किये जा रहे अपराधो की जांच कार्यवाही अपराध पंजीबद्ध किये जाने हेतु साईबर टीप लाईन रिपोर्ट 05 पन्ने, आईपीडीआर धारक का नाम पता 03 पन्ने साईबर टीप लाईन रिपोर्ट 01 नग सीडी मय कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा साईबर टीप लाईन रिपोर्ट के संबंध में कार्यवाही करने हेतु प्रेषित जानकारी एक प्रति प्राप्त हुआ जिसका अवलोकन किया गया। सीडी के विडियो को देखा गया जिसमे एक बालिका नग्न अवस्था मे दिखाई दे रही है, जिसमें बालिका का चेहरा स्पष्ट नजर आ रहा है सम्पूर्ण अवलोकन पर अपराध धारा 67(बी) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम का अपराध घटित होना पाये जाने पर आईपीडीआर से प्राप्त मोबाईल नंबर 7587753512 के धारक मयंक मानिकपुरी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्व कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया।

थाना बसंतपुर द्वारा एक टीम गठित कर हमराह महिला प्रधान आरक्षक मेनका साहू आरक्षक प्रवीण मेश्राम के आरोपी के मोबाइल नम्बर का लोकेशन ग्राम बिजली नारायणपुर मिलने पर वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराते हुए तत्काल हमराह स्टाफ के रवाना होकर आरोपी मंयक को पुलिस हिरासत मे लेकर थाना-बसंतपुर लाकर पूछताछ किए जाने पर घटना दिनांक को विडियो प्रसारण करना स्वीकार किया गया एवं अपराध कराना कबुलने पर आरोपी को सर्वोच्च् न्यायालय द्वारा अरनेश कुमार विरूद्ध बिहार राज्य अन्य क्रिमिनल अपील नं. 1277/2017 दिनांक 02/07/2024 के निर्देशो के पालन मे धारा 35(1)(बी)(आईआई) बीएनएस का शपथ पत्र लेकर रिहा किया गया।

# नगर पालिका आम निर्वाचन हेतु रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने नगर पालिका आम निर्वाचन 2024-25 के लिए नगर पालिका के निर्वाचन हेतु नियुक्त रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर में आंशिक संशोधन आदेश जारी किया है। जारी आदेश अनुसार नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ मनोज कुमार मरकाम को रिटर्निंग ऑफिसर तथा तहसीलदार डोंगरगढ़ मुकेश कुमार ठाकुर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ चन्द्रकांत शर्मा को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

नगर पंचायत डोंगरगांव के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम को रिटर्निंग ऑफिसर तथा नायब तहसीलदार डोंगरगांव जगदेव प्रसाद खुंटे एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत डोंगरगांव विनम्र जेमा को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया है। नगर पंचायत छुरिया के लिए तहसीलदार कुमर्दा श्रीमती आंकाक्षा साहू को रिटर्निंग ऑफिसर तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत छुरिया लालबहादुर सिंह को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

नगर पंचायत लालबहादुर नगर के लिए तहसीलदार लालबहादुर नगर नीलकंठ जनबंधु को रिटर्निंग ऑफिसर तथा नायब तहसीलदार लालबहादुर नगर राजेश कुमार नेताम एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत लालबहादुर नगर वनिश दुबे को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

# आयुक्त विश्वकर्मा ने किया टांका घर का निरीक्षण



राजनांदगांव (दावा)। आयुक्त अतुल विश्वकर्मा आज टाकाघर का आकस्मिक निरीक्षण कर जल, विद्युत एवं मोटर विभाग के प्रभारियों से उनके कार्यो के संबंध में जानकारी लिये। उन्होंने कर्मचारियों की संख्या, कार्य का समय, पानी टेंकर, सफाई संबंधी गाड़ी के अलावा विद्युत की जानकारी ली।

मोटर विभाग के प्रभारी टैंकर तथा जे.सी.बी. आदि के बारे में जानकारी देते हुये कहा कि प्रतिदिन सुबह 9 बजे से मांग अनुसार वार्डो में एवं आयोजनों में टेंकर सप्लाई की जाती है, स्वास्थ्य विभाग के कार्यो के लिये जे.सी.बी. टिप्पर, टेक्टर भी सुबह निकल जाते है तथा डिवाईडर एवं पेड पौधें में सिचाई की जाती है। आयुक्त ने सभी गाड़ियों की आवश्यक मेंटनेंस व मरम्मत करने के निर्देश दिये और कहा कि आवश्यकता अनुसार प्राथमिकता के आधार पर वाहनों का संचालन पेयजल व सफाई में किया जाये।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने टांका घर स्थित टंकियों से शहर में पानी सप्लाई होने वाले क्षेत्रों की जानकारी लेते हुये जल विभाग के प्रभारी से कहा कि पेयजल संबंधी शिकायतों में क्षतिग्रस्त पाईप लाईन, गंदे पानी आने, कम पानी आने आदि का यथासंभव जल्द निराकरण करे, आवश्यक सामाग्री का भंडारण रखे। सभी कर्मचारी प्रातः जल्दी काम पर आकर अपने दायित्वों का निर्वाहन करे एवं शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करे। उन्होंने विद्युत प्रभारी से कहा कि कर्मचारी सुबह जल्दी वार्डो में जाकर लाईट मरम्मत करें तथा लाईट संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण करें। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता अनुप पाण्डे सहित मोटर, जल एवं विद्युत विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## अनमोल दावा

> परिवर्तन संसार का नियम है, समय के साथ संसार मे हर चीज परिवर्तन के नियम का पालन करती है।

# बेघरों के रैन बसेरा को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त

शीर्ष अदालत ने सभी राज्यों को सर्दी की मार के मद्देनजर उपलब्ध आश्रय सुविधाओं के बारे में विस्तृत रपट देने का आदेश दिया। यह छिपा तथ्य नहीं है कि हर वर्ष जाड़ा और बेघर लोगों को ध्यान में रख कर दिल्ली सरकार की ओर जो आश्रय गृह या रैन बसेरे तैयार कराए जाते हैं, वे जरूरत के मुकाबले अपर्याप्त होते हैं।

हर वर्ष समूचे देश में जब कड़ाके की ठंड पड़ने लगती है, तब ठिठुरते और इसकी वजह से लोगों की मौत होने की खबरें भी आती हैं। इस मसले पर सामाजिक सरोकारों के प्रति संवेदनशील लोग और संगठन चिंता जताते हैं तथा सरकार भी इससे सहमत होती है। मगर यह विचित्र है कि ठंड की मार का सामना करने वाले लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए सरकार कोई ऐसा दीर्घकालिक उपाय करती नहीं दिखती, ताकि किसी की मौत, हादसे या मौसम की वजह से होने वाली घटना में सिमट कर न रह जाए।

दिल्ली और अन्य राज्यों में ऐसे लोगों की खासी संख्या है, जिनके पास रहने का कोई ठौर नहीं है और ठंड के चरम दौर में जब तापमान में काफी गिरावट हो जाती है, तब उनके लिए वक्त काटना और खुद को बीमारी और मृत्यु से बचा लेना एक बड़ी चुनौती होती है। कहने को सरकार की ओर से रैन बसेरे जैसी जो सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं, उसकी सीमाओं के बीच लोग अपने स्तर पर ठंड का सामना करते हैं। इसके बावजूद कई लोगों की जान चली जाती है।

सवाल है कि इस हकीकत के बदस्तूर कायम रहने के बीच सरकार का दायित्व क्या है? घनघोर जाड़े के दिनों में बेघर लोगों के लिए आश्रय गृहों या रैन बसेरों की उपलब्धता सुनिश्चित करना किसकी जिम्मेदारी है? गुरुवार को सर्वोच्च न्यायालय ने भी चिंता जताते हुए कहा कि बहुत जल्दी ठंड बढ़ने वाली है। इसलिए दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड यानी डीएएसआइबी यह जानकारी पेश करे कि मौजूदा समय में जो आश्रय गृह हैं, वहां कितने लोगों को ठहराया जा सकता है और कितने ऐसे लोग हैं, जिन्हें इस तरह सुविधा की जरूरत पड़ सकती है।

शीर्ष अदालत ने सभी राज्यों को सर्दी की मार के मद्देनजर उपलब्ध आश्रय सुविधाओं के बारे में विस्तृत रपट देने का आदेश दिया। यह छिपा तथ्य नहीं है कि हर वर्ष जाड़ा और बेघर लोगों को ध्यान में रख कर दिल्ली सरकार की ओर जो आश्रय गृह या रैन बसेरे तैयार कराए जाते हैं, वे जरूरत के मुकाबले अपर्याप्त होते हैं। फिर जहां ऐसे रैन बसेरे या आश्रय गृह होते भी हैं, वहां साफ-सफाई का घोर अभाव, असुरक्षित माहौल और अव्यवस्था की वजह से कई जरूरतमंद जाने से भी हिचकते हैं। ऐसे में यह सवाल उठता है कि वंचित और गरीब तबकों के लिए सरकार जो व्यवस्था करने का दावा करती है, वह अगर सच नहीं होती, तो इसके लिए कौन जवाबदेह है!

जनकल्याण के सिद्धांतों पर आधारित शासन व्यवस्था में एक लोकतांत्रिक सरकार को अपनी ओर से पहल करके कमजोर, वंचित और लाचार लोगों के लिए जरूरत पड़ने पर विशेष व्यवस्थाएं करनी चाहिए। एक रपट के मुताबिक अकेले दिल्ली और आसपास के इलाकों में करीब तीन लाख ऐसे लोग हैं, जो कड़ाके की ठंड, तपती गर्मी और बरसात के दिनों में खुले आसमान के नीचे वक्त गुजारते हैं और उसके थपेड़े सहते रहते हैं। रैन बसेरों या आश्रय गृहों के रूप में सरकार जो व्यवस्था करती है, वह इतनी अपर्याप्त होती है कि ज्यादातर लोग उस तक पहुंच भी नहीं पाते।

कई बार रैन बसेरे या आश्रय गृहों में फैली अव्यवस्था, गंदगी, असुरक्षा और अराजकता का आलम भी लोगों को उससे दूर करती है। इतना तय है कि बढ़ती सर्दी और तापमान में गिरावट के साथ बेघर लोगों के सामने खुद को बचाने का संकट ज्यादा गहरा होगा। ठंड की मार से लोगों की परेशानी में बढ़ोतरी हो, इससे पहले क्या यह जरूरी नहीं है कि सरकार खुद इस मसले पर कोई व्यापक उपाय करें?

# दिल्ली चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा?

-ललित गर्ग-



दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए फरवरी 2025 या उससे पहले चुनाव होने की संभावनाओं को देखते हुए राजनीतिक हलचलें एवं सरगर्मियां उग्र हो गयी है। इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने की तैयारी में जुट गई है। वहीं, भाजपा और कांग्रेस इस बार सत्ता में वापसी की तैयारी में जुटी है। भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव दूसरे प्रांतों की ही भांति बिना किसी मुख्यमंत्री चेहरे के लड़ने का मन बना चुकी है और केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी का मानना है कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से प्रभावित हो सकते हैं। दिल्ली में भाजपा के पास एक से एक मजबूत नेता हैं, लेकिन इनमें से कोई भी नेता मुख्यमंत्री के रूप में पार्टी के लिए पेश नहीं किया जा रहा है। भाजपा दिल्ली में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए नए तरीके से चुनावी तैयारियों में जुट चुकी है, वही कांग्रेस अपनी खोयी जमीन को हासिल करने के लिये जद्दोजहद करती हुई दिखाई दे रही है। निश्चित ही इस बार का दिल्ली चुनाव आक्रामक एवं संघर्षपूर्ण त्रिकोणात्मक होगा। आप, कांग्रेस एवं भाजपा की चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा, यह भविष्य के गर्भ है।

दिल्ली में भाजपा के लिए यह चुनाव चुनौतीपूर्ण होने के साथ संघर्षपूर्ण भी है। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में, जहां पार्टी को शानदार प्रदर्शन की उम्मीद थी, उसे आम आदमी पार्टी से हार का सामना करना पड़ा। तब भाजपा को दिल्ली में मुख्यमंत्री का चेहरा प्रस्तुत करने से कोई बड़ा लाभ नहीं हुआ। इसके बजाए, भाजपा अब चुनावी रणनीतियों में बदलाव कर रही है और अपनी शक्ति को पार्टी संगठन और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनकी लोककल्याणकारी योजनाओं के बल पर मजबूत करने का प्रयास कर रही है। यही कारण है कि दिल्ली भाजपा आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में केंद्र सरकार के काम और योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि दिल्ली के लोग इससे ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं, खासकर जब बात विकास, सुरक्षा, चिकित्सा और शिक्षा जैसे मुद्दों की हो। अगर भाजपा बिना किसी प्रमुख चेहरे के चुनाव लड़ती है तो यह असमंजस की स्थिति बनने की संभावनाएं तो पैदा कर ही सकती हैं। दूसरी ओर, यह फैसला एक रणनीतिक कदम हो सकता है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिष्ठा का इस्तेमाल करके अन्य प्रांतों की भांति दिल्ली में भी चमत्कार घटित हो सकता है।

भाजपा ने यह भी तय किया है कि दिल्ली की जनता को बताया जाएगा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उनके साथ वादाखिलाफी की है, वे बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और सड़कों की स्थिति में सुधार का वादा करके उन्हें जर्जर करते रहे हैं। भाजपा का मानना है कि मोदी सरकार की योजनाएं देशभर में सफलता प्राप्त कर रही हैं और इन्हें दिल्ली में लागू किया जाएगा। भाजपा को दिल्ली में हमेशा मिडिल और हाई मिडिल क्लास के लोगों की पार्टी माना जाता है। इसमें व्यापारिक समुदाय इसके कट्टर समर्थक हैं। लेकिन इस बार निचले तबको एवं गरीब लोगों के बीच उसे प्रभावी प्रयास करने होंगे। यह तो दिखता हुआ सच है कि दिल्ली में आप शासन में विकास अवरूद्ध हुआ है, पर्यावरण की समस्या उग्रतर हुई है, आप नेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे एवं उनके नेता जेल यात्राएं की है। ऐसे अनेक गंभीर आरोपों के साथ भाजपा आप और उसके नेताओं पर आक्रमक होकर चुनावी परिदृश्यों को बदल सकती है।

भाजपा ने कमर कस ली है और उसके नेता लगातार जनता के बीच जाकर बदलाव की अपील कर रहे है। इसके तहत इन दिनों जहां परिवर्तन सभाओं का आयोजन किया जा रहा है, वहीं अगले हफ्ते से पूरी दिल्ली में परिवर्तन यात्राएं भी निकाली जाएंगी। इन यात्राओं के माध्यम से आम मतदाताओं से निजी तौर पर मिलते हुए, उनसे बात करते हुए उनको पार्टी के साथ जोड़ा जायेगा। उनके दुःख-दर्द को सुना जायेगा। भाजपा का इतिहास रहा है कि वह आम जन तक पहुंचने के लिए ऐसी यात्राएं निकालती रही है एवं व्यक्तिगत संवाद स्थापित करती रही है। भाजपा नेता सतीश उपाध्याय ने कहा कि दिल्ली में एक भ्रष्ट सरकार चल रही है लेकिन अब तो रंगदारी, वसूली, फिरौती और आम नागरिकों के बीच डर पैदा करने की भी कोशिश की जा रही है। इसके चलते दिल्ली की जनता अब सत्ता परिवर्तन के मूड में है और देशविरोधी मानसिकता वाली सरकार को इस बार विधानसभा से उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। देखना है कि भाजपा के इन आरोपों का जनता पर कितना असर होता है।

निश्चित ही दिल्ली में आम आदमी पार्टी की जमीन अभी भी मजबूत है। इसीलिये 2025 के चुनाव कांग्रेस एवं भाजपा के लिये चुनौतीपूर्ण होने वाले है। 2020 में हुआ विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 62 सीटें जीती थीं। वहीं भाजपा को महज 8 सीटों पर जीत मिली थी। कांग्रेस का लगातार दूसरी बार दिल्ली से सफाया हो गया था। इस बार के चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल ने अपने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उसके बाद आतिशी मार्लेना राज्य की मुख्यमंत्री बनी हैं। आप नेताओं ने चुनाव अभियान प्रारंभ कर दिया है। दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन न करने का फैसला किया है। आप ने पिछले दो विधानसभा चुनावों में भारी अंतर से जीत हासिल की है। आप के आंतरिक सर्वेक्षण बताते हैं कि आप इस चुनाव में भी आसानी से जीत की ओर बढ़ रही हैं। इन स्थितियों में आप क्यों कांग्रेस या अन्य पार्टी के साथ गठबंधन करें? आप अभी भी निम्न-मध्यम वर्ग और झुग्गी-झोपड़ियों वाले इलाकों में काफी लोकप्रिय है।

आप का वोट शेयर पहले की तुलना में बड़ा है और कांग्रेस कमजोर हुई है। हालांकि, 2013 में अपने पहले चुनाव के बाद से आप का वोट शेयर लगातार ब?ता रहा। जबकि पिछले दशक में कांग्रेस को वोट देने वालों की संख्या में काफी कमी आई है। आप ने 2013 में अपने आश्चर्यजनक प्रदर्शन के साथ, कुल मतदान का 29 प्रतिशत वोट प्राप्त किया था। पार्टी को 70 में से 28 सीटों पर जीत मिली थी। आप ने कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध लगाई थी। इससे कांग्रेस का वोट शेयर घटकर 24.5 प्रतिशत और सिर्फ आठ सीटों के साथ तीसरे स्थान पर आ गई थी। इसके बाद 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का वोट शेयर क्रमशः 9.7 प्रतिशत और 4.3 प्रतिशत तक गिर गया। वहीं, आप ने 54.6 प्रतिशत और 53.6 प्रतिशत वोट शेयर के साथ भारी जनादेश हासिल किया। लेकिन इस बार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एवं आप के बीच गठबंधन न होने का फायदा भाजपा को मिलता हुआ दिख रहा है। असल में आप के वोट कांग्रेस ही काटेगी।

कांग्रेस एक पुरानी राजनीतिक पार्टी है, जिसका दिल्ली में व्यापक जनाधार रहा है। लेकिन वह 'जीत' और 'गठबंधन' की मृगमरीचिका में भटकती रही है, अपनी स्वतंत्र पहचान को खोती रही है। आखिर कमजोर सियासी बैशाखियों के सहारे वह कैसे जीत को सुनिश्चित कर सकती है? कांग्रेस की एक ओर बड़ी विडम्बना है कि वह जरूरी मुद्दों को उठाने की बजाय मोदी-विरोध का ही राग अलापती रही है। मुद्दों के बियाबान में भटकती और फिर स्टैंड बदलती नजर आती है तो इसके केन्द्रीय नेतृत्व एवं रणनीतिकारों पर तरस आती है। जबकि कांग्रेस के जमीनी नेताओं के पास रणनीति और जनाधार दोनों है, इसलिए उसके जमीनी नेता व्यक्तिवादी मिशन में सफल रहे, लेकिन कांग्रेस दिन ब दिन डूबती चली गई। राजनीतिक परिस्थिति वश कभी दो डग आगे तो चार कदम पीछे चलने को अभिशप्त हो गई। इन स्थितियों में दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस कोई करिश्मा या चमत्कार कर पायेगी, इसमें संदेह ही है।

लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92
फोनः 22727486, 9811051133

## विचार सरिता

### मन में बसे हैं राम - 334 : सीता जी और लक्ष्मण जी ने गंगा तट से वापस अयोध्या लौटने को मना कर दिया

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



आर्य सुमंत उठ चुके थे और घोड़ों को यात्रा के लिए तैयार कर रहे थे। लक्ष्मण जी ने उनसे जाकर कहा, ''सुमंत जी! भैया ने गंगा पार कर आगे जाने की आज्ञा दी है। अतः अब यहीं से रथ लौटा लीजिए। मैं आगे जल यात्रा की तैयारी करने जा रहा हूं।''

''ठीक है लक्ष्मण भैया! मैं ज्येष्ठ राजकुमार से एक बार पुनः विनती करता हूं।'' आर्य सुमंत ने कहा और वे श्री राम के पास पहुंचे।

उन्होंने अभिवादन के बाद श्री राम को पुनः स्मरण कराया, ''महाराज दशरथ ने कौशल राज्य की सीमा तक रथ को ले जाकर आप तीनों को वापस अयोध्या ले आने के निर्देश दिए हैं।''

श्री राम ने मुस्कुराते हुए कहा, ''ऐसा संभव नहीं है सुमंत जी! आपसे अनुरोध है कि आप अब अयोध्या लौट जाएं और हम तीनों रथ के स्थान पर पैदल ही वन की ओर प्रस्थान करेंगे। आप पिता महाराज से कहें कि राम वनवास काल पूरा होते ही अयोध्या लौट आने के अपने संकल्प के साथ वन की ओर गए हैं। मैंने उनके साथ कुछ दिन भी बताए हैं और अब मैं यह कह सकता हूं कि वे वन में देवी सीता और कुमार लक्ष्मण के साथ सुखपूर्वक रहेंगे। अतः पिता महाराज और माताएं हमारी चिंता ना करें।''

सुमंत जी के पास श्री राम के तर्कों का कोई उत्तर नहीं था। फिर भी राज्यादेश का आंशिक पालन करने के उद्देश्य से उन्होंने कहा, ''प्रभु ! मैं समझ गया हूं कि आप अपने वचन से पीछे हटने वाले नहीं है परंतु क्या राजकुमार लक्ष्मण और देवी सीता वापस अयोध्या लौट सकती हैं? अगर आप दोनों अयोध्या वापस पहुंच गए तो महाराज दशरथ के संताप से पीड़ित हृदय को थोड़ी सांत्वना प्राप्त होगी।''

हंसते हुए श्री राम ने कहा, ''सुमंत जी! मैं स्वयं लक्ष्मण और सीता से वापस लौट जाने का अनुरोध कर चुका हूं। एक बार पुनः मैं यही अनुरोध करता हूं।''

सीता जी ने कहा, ''हे नरोत्तम! जिस क्षण मैंने अयोध्या से प्रस्थान किया था, उसी क्षण से मेरा भी वनवास शुरू हो गया था। पत्नी पति की अर्धांगिनी होती है और आप मुझे अपने भाग का आधा दायित्व निभाने के अवसर से वंचित न करें।''

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।

उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

# छत्तीसगढ़ी स्वर कोकिला अनुराग ठाकुर से विजय मिश्रा ''अमित'' की भेंटवार्ता कुकर जैसे परहितकारी होते हैं कलाकार- अनुराग

विजय मिश्रा ''अमित''



''जिंदगी का सबसे अच्छा वक्त होता है जब कोई हमारे कारण आनंदित होता है। किसी के चेहरे की उदासी दूर हो जाती है और उत्साह की लहरें हिलोरे मारने लगती है। पीड़ा भरा हुआ मन झूमने नाचने लगता है। उक्त विचार छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक गायिका अनुराग ठाकुर के हैं। 17 नवंबर वर्ष1955 में जन्मीं अनुराग को ''नाइटेंगल ऑफ़ छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ की लता'' के नाम से प्रसिद्धि प्राप्त है। 15 अगस्त 1987 को लालकिला दिल्ली में गायन का गौरव भी उन्हें मिला है।

छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक क्रांति का अलख जगाने वाले दाऊ रामचंद्र देशमुख की संस्था ''चंदैनी गोंदा'' (1971) में मोहक गायिकी तथा जनप्रिय लोकनाट्य ''कारी'' (1984) में ''आमादाई'' की भूमिका में अनुराग की बेजोड़ अभिनय कला को देखने - सुनने वाले आज भी उनके अनुरागी बने हुए हैं। वे हिंदी, मराठी, पंजाबी, गुजराती, बंगाली, सिंधी भाषा में भी वे दमखम से गा लेती हैं।

अनुराग जी बताती हैं कि मेरा बचपन रायपुर में संगीतज्ञ नाना श्री नरेश अग्निवंशी जी की गोद में खेलते कूदते बीता है।एक दिन आकाशवाणी रायपुर से बजते गाना को मैं साथ-साथ गुनगुना रही थी। अनायास रेडियो बंद हो गया पर मेरा गुनगुनाना जारी रहा। जिसे सुनकर उन्होंने संगीत सीखने गुरु चरणों में मुझे भेज दिया। रायपुर के श्रीराम संगीत महाविद्यालय, दानी गर्ल्स स्कूल, गर्ल्स डिग्री महाविद्यालय में संगीत- साहित्य विषय में पढ़ाई हुई। आगे इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से मैंने संगीत में एम.ए.के उपाधि ली।

आगे वे बताई कि एशिया के सबसे बड़े संगीत विश्वविद्यालय में अध्ययन के दौरान भारत स्वर कोकिला लता मंगेशकर जी के साथ दिन भर रहने, उन्हें भोजन परोसने के समय मीठी-मीठी बातें करने का गौरव मुझे मिला। संगीत के प्रति लता जी का समर्पण, उनकी सादगी मुझे संगीत की देवी के वरदान स्वरूप प्राप्त हुआ।

छत्तीसगढ़ी लोक मंचों में प्रवेश की कथा बताते हुए वे कहती हैं - ''जिन खोजा तिन





पांईयां'' कहावत को मैंने जीवन में चरितार्थ होते देखा है। लोक कला मर्मज्ञ दाऊ रामचंद्र देशमुख अपनी संस्था चंदैनी गोंदा के लिए गायिका-नायिका खोजते नानाश्री के घर रायपुर आए थे। तब मेरे साथ ही छोटी बहिन शैलजा ठाकुर की कला प्रतिभा को देखकर अपनी संस्था से जोड़ लिए।

चंदैनी गोंदा में जुड़ने के पहले राजनांदगांव के मिलन आर्केस्ट्रा से मैं जुड़ी थी। फिल्मी गायिकी में भी मेरे नाम का डंका बजता था, किंतु चंदैनी गोंदा से जुड़ने के बाद अपनी संस्कृति की खुशबू का एहसास रोम रोम में बस गया। 7 नवम्बर वर्ष 1971 के दिन दुर्ग शहर के निकट ग्राम बघेरा में चंदैनी गोंदा का पहला ऐतिहासिक मंचन हुआ। आगे सौ से जादा मंचन हुआ। आपको यकीन नहीं होगा कि कार्यक्रम में पचास हजार से अधिक भीड़ जुटती थी।

छत्तीसगढ़ के बाहर महाराष्ट्र, उड़ीसा दिल्ली, झांसी, टाटानगर में भी छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान जगाने का कार्य हुआ। पहली बार आकाशवाणी रायपुर, दिल्ली दूरदर्शन अऊ पालीडोर रिकॉर्ड कम्पनी बम्बई के बनाए एल पी रिकॉर्ड से चहूं ओर हमारे गाए बजाए गीत गूंजने लगे। जिसका व्यापक असर आज पचास वर्ष बीत जाने के बाद भी दिखता है।

कला यात्रा में आगे बढ़ते हुए मुझे छत्तीसगढ़ी महा लोकनाट्य ''कारी'' में अभिनय संग गायन का स्वर्णिम मिला। दरअसल दाऊजी ने 22 फरवरी वर्ष 1983 को डॉ.खूबचंद बघेल की जन्म भूमि पथरी ग्राम में ''चंदैनी गोंदा'' संस्था को पूजा का फूल कहते हुए विसर्जित कर दिया था।

आगे उन्होंने लोकनाट्य ''कारी'' को निर्मित करके पहला मंचन 22 फरवरी 1984 को सिलियारी में किया। छत्तीसगढ़ की नारियों की सुसंस्कृति का प्रदर्शन करते हुए यहां की महिलाओं के प्रति दुर्भावना ग्रस्तों की बखिया उधेड़ने, आंख खोलने का अभूतपूर्व प्रयास हुआ था।कारी का अंतिम मंचन 15 फरवरी 1988 को कलंगपुर गुंडरदेही में हुआ।

तीस वर्ष की उम्र में मुझे ''कारी'' नाटक की सत्तर वर्षीय बूढ़ी सास ''आमादाई'' की चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाने का मौका मिला। अभिनय करते कर्कश आवाज में डायलॉग बोलने के साथ ही बीच बीच में मुझे गायन भी करना पड़ता था। जिसे देख सुनकर दर्शकगण कहते थे-वाह भाई। जानदार अभिनय के साथ ही बुढ़िया गाती भी बढ़ीया है।

अनुराग जी अपने साठ वर्षों की कलाकारी को कैसे परिभाषित करेंगी? पूछने पर वे कहती हैं- विजय भाई, वक्त से हम जीत-हार नहीं सकते पर हां वक्त से सीख ले सकते हैं। एक कलाकार की जिन्दगी परहितकारी कुकर की तरह होती है। आग से तपते, सिटी बजाते हुए कुकर दूसरों के लिए जैसे भोजन पकाता है। वैसे ही कलाकार भी अपना दर्द भूलाकर दूसरों को आंनद देते हैं। इसीलिए उन्हें सदैव मान देना चाही।

अनुराग की कलाकारी का किस्सा सुनने के पश्चात ''अब मोला जान दे संगवारी'' कहते हुए विदा ले लिया। उनके गाये सुमधुर गीत- बखरी के तुमा नार, संगी के मया जुलुम होगे, मोर कुरिया सुन्ना रे, हमका घेरी भेरी घूर घूर निहारे, तोर बालि हे उमरिया, मंगनी म मांगे मया नी मिलय, फिटीक अंजोरी आदि को गुनगुनाते कब घर पहुंच गया पता ही नहीं चला।

लोक हिंदी रंगकर्मी
अग्रोहा कालोनी रायपुर।
मो.9893123310

## राशिफल



**मेष**
आज आपका दिन लकी रहेगा। कुछ मामलों में मेहनत ज्यादा रहेगी और नतीजा कम लाभ वाला मिलेगा, लेकिन आपको धैर्य बनाये रखने की जरुरत है। ऑफिस में कोई नया काम सामने आ सकता है। उस काम को बहुत अच्छी तरह करने का प्रयास करेंगे। आज आपको धन लाभ होने के योग बन रहे हैं।



**वृष राशि**
आज का दिन आपके लिए अच्छा होने वाला है। आज आपके धार्मिक गतिविधि में भी शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा हो सकता है। आज आप जरूरी काम और रिश्तों के बारे में विचार करेंगे और नयी योजना बनाएंगे। आज जॉब सम्बन्धी परेशानी खत्म होने के योग हैं।



**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। जो भी नया करना है, आज पूरा करने का निश्चय करेंगे। आज आप घर की जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभाएंगे और कामकाज निपटाने में आप बहुत हद तक सफल भी रहेंगे। आज अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा साथ ही धैर्य और विनम्रता रखें।



**कर्क**
आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। परिवार संग किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जायेंगे, पारिवारिक प्रेम बढ़ेगा। आज शांत मन से किसी काम को करेंगे तो जल्द ही पूरा हो जाएगा। कोई पारिवारिक निर्णय लेने से पहले घर के बड़े बुजुर्ग की राय जरूर लें। आज का दिन शुभ है जो आने वाले समय में अधिक फायदा कराएगा।



**सिंह**
आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज शांतिसे कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे। पुरानी देनदारी आज समाप्त होगी, जिससे आप खुद को रिलैक्स फील करेंगे। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिलेगी। आज धैर्य और समझदारी रखें।



**कन्या**
आज का दिन आपके लिये शानदार रहने वाला है। आप अपने दिन की शुरुआत किसी जरूरतमंद की मदद करके करेंगे। आज आपके घर में कोई धार्मिक अनुष्ठान होने से घर में भक्ति भावना का माहौल बना रहेगा। पारिवारिक रिश्तों में हो रही गलतफहमियां आज दूर होंगी। स्किन प्रॉब्लम से परेशान लोग आज अच्छे डॉक्टर से सलाह लेंगे।



**तुला**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आ रही रुकावटों का रास्ता आज ढूंढ लेंगे। आप अपनी ऊर्जा को अच्छे कामों में लगायेंगे। आप किसी सामाजिक काम में हाथ बंटा सकते हैं। इस राशि के सरकारी कर्मचारियों को लाभ मिलने की संभावना है। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में सामंजस्य बना रहेगा।



**वृश्चिक**
आज आपका दिन आपके लिए खुशियों की नई सौगात लाया है। जीवनसाथी की बेहतर सलाह से आपको पैसे कमाने का नया जरिया प्राप्त होगा। मित्रों के साथ किसी बात को लेकर विचार-विमर्श करेंगे। आपको अपने गुस्से पर पूरा कण्ट्रोल रखना चाहिए। आज अपने मान-पसंद खाने की डिमांड कर सकते है।



**धनु**
आज आपका दिन अच्छा रहने वाला हैं। जरूरत से ज्यादा सोच- विचार करने से आपको बचना चाहिए। आज आपका सोशल नेटवर्क मजबूत बनेगा। व्यापार में आपकी मुलाकात तजुर्बेदार लोगों से होगी, उनसे व्यापार से जुडी जानकारी मिलेगी। आज आप बच्चों के किसी निर्णय में उनका पूरा सपोर्ट करेंगी।



**मकर**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिये आपको नये अवसर मिलेंगे। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिल सकता है, आपका उत्साह भी बढ़ेगा। भाई-बहनों से आपको पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आपके शेड्यूल में बदलाव आ सकता है।



**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आप माता-पिता के साथ धार्मिक स्थल पर जायेंगे। घर में नए मेहमान के आने की संभावना है, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा बन जायेगा। किसी काम में की गई मेहनत जरूर सफल होगी। नए व्यापार के सिलसिले में की गई यात्रा आज फायदेमंद रहेगी।




**मीन**
आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है, आज आप जो भी काम शुरु करेंगे उसमें आपको सफलता जरुर मिलेगी। जो लोग सरकारी नौकरी कर रहे हैं, उनके लिए आज का दिन उत्तम रहने वाला है। लंबे समय से प्रमोशन में आ रही रुकावट आज दूर होगी। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे छात्रों को ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है।

## शब्द सामर्थ्य -258

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**
1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 257 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

# शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन स्तर में और बेहतर सुधार करें - कलेक्टर

## हितग्राहियों को बैटरी स्प्रेयर, आईस बाक्स, मछली जाल, श्रमिक कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र का वितरण कर शासकीय योजनाओं से किया गया लाभान्वित

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा गांव के अंतिम व्यक्ति को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम टप्पा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री भरत वर्मा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह शामिल हुए। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया। उपस्थित अतिथियों द्वारा शासन की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को संबंधित विभागों के स्टॉल में पहुंचकर सामग्री का वितरण किया गया। शिविर में शासन की योजनाओं के अंतर्गत कृषि विभाग के हितग्राहियों को बैटरी स्प्रेयर पंप एवं बीज किट, श्रम विभाग के हितग्राहियों को श्रमिक कार्ड, मत्स्य विभाग में संचालित योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को मछली जाल एवं आईस बाक्स, स्वास्थ्य विभाग द्वारा जन्म प्रमाण पत्र वितरण किया गया। शिविर में गर्भवती माताओं की गोद भराई के लिए सुपोषण किट प्रदान किया गया तथा शिशुवती माताओं को भी सुपोषण किट प्रदान किया गया। गर्भवती माताओं को अच्छा खान-पान रखने की सलाह दी गई, ताकि उनके शिशु स्वस्थ एवं सुपोषित रहें। शिविर में 111 प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा पौधरोपण किया गया।



कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि शासन की मंशा यही है कि शासन-प्रशासन की योजनाओं को गांव-गांव तक प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने कहा कि शासकीय योजनाओं का लाभ अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति को मिल सके, इसके लिए इस तरह शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासकीय योजनाओं के बारे में एक बार जानकारी मिल जाती है तो वह योजना का लाभ अच्छे से ले सकता है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से गांव-गांव तक पहुंचकर शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है और ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया है इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ लें। ताकि शासन की योजनाओं का अंतिम छोर पर जो व्यक्ति है उन्हें पात्रता के अनुसार मिले। शासन की योजनाएं जनसामान्य के लिए बनी है उन योजनाओं का लाभ लेंगे तो जीवन स्तर में और बेहतर सुधार होगा।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है और हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों को श्रम विभाग के स्टॉल में जाकर अपना पंजीयन कराने कहा। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग में श्रमिकों के लिए बहुत सारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। श्रम विभाग में एक बार पंजीयन कराने से बहुत सारी योजनाओं का लाभ श्रमिकों को मिलता है। कलेक्टर ने साईबर अपराध के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि मोबाईल पर बहुत से फ्राड कॉल आते है, जिससे सावधान रहने की आवश्यकता है। फ्राड कॉल आने पर तत्काल साईबर सेल को सूचित करने कहा। उन्होंने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष में धान की अच्छी पैदावार हुई है और धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से लगातार धान खरीदा जा रहा है। धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों के लिए सभी तरह की आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध है। उन्होंने किसानों को वास्तविक उपज को ही धान उपार्जन केन्द्रों में विक्रय करने कहा। ऋण पुस्तिका को किसी भी अन्य व्यक्ति एवं कोचियों को नहीं देने कहा। जिससे उनके धान को कोई अन्य व्यक्ति विक्रय नहीं कर सके। शासन की राशि बचने से गांव की जरूरतमंद लोगों को शासकीय योजनाओं के माध्यम से बहुत अच्छा लाभ मिल सकेगा। उन्होंने महिलाओं को महतारी वंदन योजना से प्राप्त होने वाली राशि का उपयोग अपने और बच्चे के स्वास्थ्य एवं बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि जिले में भू-जल का स्तर लगातार नीचे जा रहा है। जिसको ध्यान में रखते हुए किसानों को कम पानी की खपत वाले फसल लेने कहा। उन्होंने बाल विवाह जैसी कुरीतियों को दूर करने के लिए बाल विवाह रोकथाम की शपथ शिविर में उपस्थित सभी लोगों को दिलाई।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि ग्रामीण स्तरीय शिविर पर जिन्होंने आवेदन किया है वे जनपद एवं जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में अपने आवेदन के निराकरण की स्थिति जान सकते हैं और लाभान्वित हो सकते हैं। उन्होंने जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों को अधिक से अधिक विभागीय योजनाओं का लाभ लेने कहा। उन्होंने बताया कि बाल विकास रोकथाम के लिए बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान चल रहा है। जिले में कुपोषण से लेकर बाल विवाह मुक्त अभियान, स्वच्छ भारत अभियान जैसे कई प्रकार के अभियान गांव को बेहतर बनाने के लिए चल रहे हैं। गांव में व्यवहार परिवर्तन कर गांव को कैसे स्वच्छ बनाने के लिए चलाया जा है। गांव को स्वच्छ, सुपोषित, स्वस्थ, एनीमिया मुक्त, बाल विवाह मुक्त रहे और सुन्दर रहे इसके लिए शासन-प्रशासन द्वारा कार्य किया जा रहा है।

अध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगांव टीकेश साहू ने कहा कि आज बहुत अच्छा पल है जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में छोटे से लेकर बड़ी समस्याओं का प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं और निराकरण करा सकते हैं। सदस्य जनपद पंचायत डोंगरगांव श्रीमती जागृति यदु ने कहा कि शासन-प्रशासन द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को विभागीय योजनाओं की जानकारी लेकर अधिक से अधिक लाभ लेने कहा। इस अवसर पर एसडीएम डोंगरगांव श्री श्रीकांत कोर्राम, सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# पहला कॉलम...

## भोलापुर में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख की स्वीकृति



**ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया**

छुरिया (दावा)। ग्राम भोलापुर विकासखण्ड छुरिया जिला राजनांदगांव के ग्रामीणों द्वारा पिछले दिनों सर्वसमाज सामुदायिक भवन निर्माण की मांग उपमुख्यमंत्री व राजनांदगांव जिला के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा को रायपुर मे किया था। ग्राम भोलापुर विकासखंड छुरिया जिला राजनांदगांव में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख की राशि स्वीकृति प्रदान की है। इस पर ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री व राजनांदगांव जिले की प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, जिला भाजपा के महामंत्री रविंद्र वैष्णव, जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डडसेना, प्रदेश उपाध्यक्ष अजजा मोर्चा एम.डी ठाकुर, श्रीमती किरण वैष्णव अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष छुरिया अजय पटेल, मंडल महामंत्री संजय सिन्हा, खिलेश्वर साहू के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। धन्यवाद ज्ञापित करने वालों में रूखम प्रसाद पाण्डेय सरपंच भोलापुर, मोहित राम सिन्हा ग्राम पटेल, हेम साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति भोलापुर, शीशुपाल साहू अध्यक्ष अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति भोलापुर, सोहन साहू अध्यक्ष भाजयुमो छुरिया, लखन साहू, पोखन साहू, पंचराम साहू, भोजेश चतुर्वेदी, दुकालू राम साहू, सकुनदास चतुर्वेदी, मनबोध चतुर्वेदी, टीकम देवांगन, गोपी देवांगन, लालाराम साहू, त्रिभुवन सिन्हा, जनक साहू आदि।

## राष्ट्रीय स्तर पर जानवी साहू ने अपना नाम दर्ज कराया



**मुसरावासी हुए गौरवान्वित**

डोंगरगढ़(दावा)। विगत दिनों आयोजित शालेय क्रीडा प्रतियोगिता सत्र 2024-25 में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मुसरा विकासखंड डोंगरगढ़ तथा संभाग दुर्ग की ओर से खेलते हुए बालिका अंडर 17 वर्ष में राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम जानवी साहू ने दर्ज कराया। 06 दिसंबर 2024 को शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में जानवी साहू का राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने पर दिनांक 9 से 15 दिसंबर तक दिल्ली में आयोजित नेशनल शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस से रवानगी की गयी।

इसके पहले शाला मुसरा के समस्त शिक्षक गण प्रभारी प्राचार्य कौशल राम चंद्रवंशी, व्यायाम शिक्षक श्री भागचंद लिल्हारे तथा मुसरा के समस्त ग्राम वासी, सरपंच कँवल निर्मलकर, स्पोर्ट्स एकेडेमी ऑफ़ मुसरा के कराते खिलाड़ी एवं मुख्य प्रशिक्षक सेन्साई संजय ठाकुर ने जानवी साहू को शुभकामनाएं दी। साथ ही प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने पर और दिल्ली में अपना बेहतर प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ को पदक दिलाये इसके लिए भी अग्रिम शुभकामनाएं दी।

## अग्निवीर यूनिट में जवानों के साथ देश की रक्षा करेंगे अग्निवीर अरुण रजक



डोंगरगढ़ (दावा)। धर्मनगरी के गौरव अग्निवीर अरुण रजक पिता स्व. शंकर रजक के ट्रेनिंग पूर्ण कर घर वापसी के मौके पर डीपरापारा वार्ड नं 22 के वार्डवासियो सहित डोंगरगढ़ के गणमान्य नागरिको ने खुशी जताते हुए ट्रेनिंग से लौटे श्री रजक का गाजे-बाजे के साथ हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए स्वागत किया गया।

इस मौके पर श्री रजक के भाई सागर व राहुल ने बताया कि अरुण शुरू से ही देश की रक्षा के लिए सिपाही बनना चाहता था जिसके लिए निरंतर कड़ी मेहनत किया करता था परिणामतः अरुण रजक अग्निवीर में चयनित होने के बाद देश की रक्षा के लिए कर्तव्यनिष्ठ होंगे। अरुण के इस देश सेवा के भाव से गौरांवित उनकी माताजी सरोज रजक की आँखों में खुशी के आँसू आ गए व उन्होंने मेरा बेटा भारत माता का लाल कहते शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया।

# संगठन चुनाव महापर्व - जिला भाजपा कार्यालय में हुई कार्यशाला




**15 दिसम्बर तक मण्डल व 30 दिसम्बर तक चुने जाएंगे जिला के पदाधिकारी**

खैरागढ़ (दावा)। भाजपा संगठन चुनाव को लेकर केसीजी भाजपा कार्यालय में 03 दिसंबर को जिला चुनाव अधिकारी व महासमुंद लोकसभा के पूर्व सांसद चन्दूलाल साहू की उपस्थिति में महत्वपूर्ण कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला को संबोधित करते श्री साहू ने कहा कि प्राथमिक सदस्यता के लक्ष्य को पार्टी ने देश व प्रदेश में पूरा कर लिया है। प्रदेश में 60 लाख नए प्राथमिक सदस्य बनाए गए हैं। वहीं देश में लगभग 12 करोड़ नए प्राथमिक सदस्य बन चुके हैं। जिन राज्यों में चुनाव था वहां अब सदस्यता की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। अब संगठन चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। संगठन चुनाव में बूथ स्तरीय चुनाव हो रहे है आने वाले 2 से 3 दिनों में इसे भी पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद मण्डल चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होगी, जिसे 15 दिसम्बर तक पूरा होना है फिर 30 दिसम्बर तक जिले के चुनाव भी सम्पन्न करा लिए जाएंगे। इसी क्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि भाजपा परिवार के विस्तार के लिए इस बार ऑनलाइन व ऑफलाइन तरीके से सदस्य बनाये गए जिसमे केसीजी जिले से 40 हजार ऑनलाइन व 20 हजार ऑफलाइन सदस्य बनाये गए है। विक्रांत सिंह ने आगे कहा कि संगठन चुनाव के पश्चात त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होना है जिसमे गत वर्ष हुए विधानसभा चुनाव व लोकसभा चुनाव में सक्रिय होकर कार्य करने वाले कार्यकर्ता को प्राथमिकता से अवसर दिया जाना चाहिए। इसी क्रम में पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कहा कि केसीजी जिले में सदस्यता अभियान में बेहतर प्रदर्शन किए गए हैं।

जिसके लिए सदस्यता अभियान के प्रभारी सहित अन्य सदस्य बधाई के पात्र है वही बूथ कमेटी के चयन लगभग 70 प्रतिशत तक हो गया है जिसे 5 दिसम्बर तक पूर्ण करने का आह्वान किया। इसी क्रम में जिलाध्यक्ष घम्मन साहू ने बारी-बारी से हर मण्डल की जानकारी देते हुए बूथ कमेटी चयन के बारे में विस्तार से जानकारी दिया वही सक्रिय सदस्य बनाये जाने वाले मण्डल के पदाधिकारियों को बधाई भी दिया साथ ही पार्टी द्वारा दिये गए कार्यो में कोताही न बरतने की सलाह भी दी। कार्यक्रम का सफल संचालन बिशेसर साहू ने किया। इस दौरान भाजपा नेता टी.के.चन्देल, वीरेंद्र जैन, गिरजा चन्द्राकर, निजाम मंडावी, राकेश ठाकुर, खम्हन ताम्रकार, अवध जंघेल, रामाधर रजक, आनंद सिन्हा, देवकुमार सेन, कृष्णा वर्मा, अनिल अग्रवाल, पूरन वर्मा, विनय देवांगन, केशव चंदेल, पारासर ठाकरे, नरोत्तम सिन्हा, राकेश ताम्रकार, विकेश गुप्ता, कमलेश भदौरिया, हरप्रसाद वर्मा, कोमल वर्मा, प्रकाश सिंह, अनिल अग्रवाल, गोरेलाल वर्मा, कृष्णा वर्मा, श्यामपाल ताम्रकार, नीलिमा गोस्वामी, कीर्ति वर्मा, अवध वर्मा, सन्नी यदु, भुवन वर्मा, जैनेन्द्र जंघेल सहित बड़ी संख्या में भाजपाई उपस्थित थे।

# दो दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीडा प्रतियोगिता का बरछाटोला हुआ शुभारंभ



छुरिया (दावा)। शास. प्राथमिक शाला बरछाटोला दो दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीडा प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा राजनांदगांव मंहामंत्री रविन्द्र वैष्णव शामिल हुए। साथ ही इस अवसर पर भाजपा मंडल मंहामंत्री संजय सिन्हा भी उपस्थित थे। रविन्द्र वैष्णव ने संबोधित करते हुए कहा कि खेल से ही आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है, जीवन में खेल का विशेष महत्व है, आज बाल क्रीडा प्रतियोगिता में छोटे-छोटे बच्चें खेल खेलने आये है मैं इन सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। संकूल स्तरीय खेल में छः गांव के बच्चे कार्यक्रम में शामिल है। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच किशोर टेमरे, चन्द्र घृतलहरे प्राचार्य संकुल, दुलार सिंग संकुल समन्वयक, महेन्द्र कुमार गढ़े प्रधान पाठक बरछाटोला, खम्मन लाल वर्मा ग्राम पटेल, मानसिग वर्मा सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस गंडई ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



गंडई पंडरिया (दावा)। किसानों की समस्याओं को लेकर गंडई के युवा कांग्रेस ने तहसीलदार के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि धान खरीदी में 8 दिसंबर तक सुधार नहीं किया गया तो जिला युवा कांग्रेस तहसील कार्यालय गंडई का घेराव करेगी।

ज्ञापन में दर्शाया गया है कि प्रदेश सरकार के द्वारा विधानसभा चुनाव के दरमियान अपने चुनावी घोषणा पत्र में कहा था कि प्रदेश के किसानो को 3100 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर धान खरीदी करने के साथ प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने का वादा किया गया था। जिसकी राशि ग्राम पंचायत स्तर पर एकमुस्त देने की भी बात किया गया था। परंतु छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा इसके ठीक विपरीत किसानो के साथ अन्याय करते हुये 2300 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर धान खरीदी किया जा रहा है। धान खरीदने के लिए बारदाने की कमी/टोकन प्रणाली अव्यवहारिक होने की वजह से किसानो की बारी नहीं आ पा रही है। तौल में भी भारी गड़बड़ी के चलते दो से ढाई किलो तक अधिक माप किया जा रहा है। 21 क्विंटल धान लेने वाली सरकार किसानों का पूरा धान नहीं खरीद पा रही है। साथ ही यह भी कहा गया है कि पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश से बहुतायत रूप से अवैध धान लाकर जिले के धान खरीदी केन्द्रो में खपाया जा रहा है। अनाज व्यापारी, कोचिये भी अवैध रूप से धान खपाने में लगे हुये है। छोटे किसानों के धान के सैंपल लिया जा रहा है। परंतु बड़े एवं पहुंच रखने वाले किसानों के धान का सैंपल नहीं लिया जा रहा है।

ज्ञापन में प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर धान खरीद कर पंचायत स्तर पर एकमुश्त भुगतान कराने, बारदाने की कमी को दूर कराने, टोकन प्रणाली को आसान करने, तौल की गड़बड़ी पर कार्यवाही करते हुये पड़ोसी राज्य से आने वाली धान को रोक लगाने सहित अनाज व्यापारी और कोचियों के अवैध घान पर कार्यवाही कर किसानो के साथ न्याय करने की गुहार लगाई है। साथ ही यह भी कहा गया है कि 8 दिसंबर तक अव्यवस्थित एवं अव्यवहारिक तरीके से हो रही धान खरीदी पर सुधार और सुगमता से किसानों की धान खरीदी नहीं होने की स्थिति में जिला युवा कांग्रेस तहसील कार्यालय गंडई का घेराव करेगी।

इस दौरान युवा कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष आशीष देवांगन, विधायक प्रवक्ता अमित टंडन, अशरफ सिद्दीकी, उमेश बांधे, करण रात्रे, रिंकू दुबेले, विवेकानंद जांगड़े, रेवाराम रजक, योगेश जंघेल संहित युवा कांग्रेस उपस्थित रहे।

# कैशौटोला ग्राम के वार्ड क्रमांक 1 में बिजली नहीं



छुरिया (दावा)। ब्लाक से महज 7 किलोमीटर दूर ग्राम कैशौटोला के वार्ड क्रमांक 1 में एक बस्ती में 10-12 परिवार रहते हैं लेकिन इस बस्ती में अब तक लोग घरों में विद्युत लाईन नहीं पहुंचा है। इमरजेंसी लाईट टार्च दीये जलाकर जीवन व्यतीत कर रहे हैं बीते दस वर्ष में इस बस्ती में बिजली कनेक्शन नहीं पहुंचा पाया जबकि बस्ती के लोग जन समस्या निवारण शिविर सहित कांग्रेस भाजपा नेताओं तक गुहार लगा चुके हैं, बच्चे इमरजेंसी लाईट या दीये में रात्रि में पढ़ाई करते हैं, जबकि ग्राम कैशौटोला के सभी वार्ड में बिजली दिखाई देती है लेकिन वार्ड क्रमांक 1 में जहां 10 से 12 परिवार निवासरत है वहां तक बिजली कनेक्शन नहीं पहुंचा पाया है, जबकि वार्ड के लोगों बिजली विभाग एंव विधायक पूर्व विधायक नेताओं को कई बार आवेदन निवेदन कर चुके हैं, उसके बावजूद कैशोटोला वार्ड क्रमांक 1 में अब बिजली कनेक्शन नही पहुंच पाया है, जंगल के किनारे बसे इस गांव लोगों रात्रि में अंधेरा रहने मजबूर हैं, रात्रि विषैले जीव जंतु का हमेशा खतरा बना रहता है, लेकिन इनके तरफ शासन प्रशासन ध्यान नहीं गया, 21 सदी में अग्रसर होने बावजूद आज भी मूलभूत समास्याओं का निराकरण नहीं हो पाया, वार्ड क्रमांक 1 लोग टार्च इमरजेंसी लाईट टार्च दीये का उपयोग कर भोजन बना रहे हैं, बस्ती के लोगों ने कहा चुनाव के समय नेता बड़े-बड़े वादा करते हैं लेकिन चुनाव जीतने के बाद सब भूल जाते हैं जनप्रतिनिधि लगातार आवेदन देने के बाद भी वार्ड क्रमांक 1 में बिजली कनेक्शन नहीं पहुंचा, जबकि कुछ दूरी में बिजली पोल बिजली तार लगा नल जल मिशन की पानी टंकी बना हुआ है, लेकिन बस्ती तक बिजली कनेक्शन नहीं पहुंची।

# मोदी की गारंटी पूरी करने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन



**टप्पा शिविर में जनप्रतिनिधियों द्वारा की गई मांग**

डोंगरगांव (दावा)। विधानसभा चुनाव दरम्यान भाजपा ने मोदी की गांरटी के तहत प्रदेश के किसानों से कई वादे किये थे। हालांकि किसानों के विषय मे मोदी की गारंटी फेल साबित हुई है। उक्ताशय के आरोप लगाते हुए जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश साहू ने टप्पा में आयोजित शिविर में जनपद सदस्यों एवं क्षेत्र के किसानों को लेकर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम 4 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है।

जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं जनपद सदस्यों ने बताया कि भाजपा ने धान की पूरी कीमत का एकमूश्त भुगतान करने का वादा किया था, किन्तु वर्तमान में 2300 रू एवं पतला धान का 2320रू. ही भुगतान किया जा रहा है। किसानों को पूरी राशि का भुगतान किया जाए। वहीं भाजपा ने धान की राशि भगुतान करने के लिए पंचायत स्तर पर व्यवस्था करने का वादा किया था प्रत्येक पंचायत में एटीएम का प्रबंध किया जाये ताकि किसानों को बैंको में लाईन लगाने से राहत मिल सके। धान खरीदी के लिये प्रत्येक सोसायटी में प्राप्त बारदाना मुहैया कराया जाये। जिन किसानो से बारदाना लिया जा रहा है उसे राशि का नगद भुगतान किया जाये। जाम के हालत को देखते धान का शीघ्रता से परिवहन किया जाये ताकि सुचारू रूप से धान खरीदी हो सके। जनपद सदस्यों ने व्यवस्था नही सुधरने पर किसानों के साथ विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है। जनप्रतिनिधियों सहित किसानों की मांग पर कलेक्टर ने जिले में धान खरीदी की व्यवस्था सुधारने आश्वस्त किया।

उक्त अवसर पर जनपद सदस्यगण दिबिका साहू, मोहनीश साहू, सुखमा कुंजाम, भुनेश्वरी साहू, नरबद चंद्रवंशी तथा सरपंचगण मयंक यदु, सँतोष निषाद, सुनीता साहू के अलावा ऐश्वर्य जंघेल, तेजराम सहारे, देवेंद्र साहू, प्रमोद साहू, दयाल साहू, अमर साहू सहित अंचल के किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मूर्ति चोर को पकड़ने में डोंगरगढ़ पुलिस एवं सायबर सेल राजनांदगांव को मिली सफलता




**० आरोपी ग्राम चिद्दो स्थित मंदिर से गणेश जी की मूर्ति, शिवलिंग मूर्ति, बैल मूर्ति एवं हनुमान जी का मूर्ति किये थे चोरी**
**० मूर्ति चोरी कर आरोपी अपने घर के आलमारी में रखे थे छुपाकर**

डोंगरगढ़ (दावा)। प्रार्थी दीपक कुमार साहू पिता स्व. ईश्वर लाल साहू उम्र 44 साल निवासी ग्राम चिद्दो थाना डोंगरगढ़ ने 03 दिसंबर 2024 को थाना डोंगरगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि ग्राम चिद्दो से डोंगरगढ़ आने वाले रोड किनारे नाला पुल के पास स्थित एक सार्वजनिक पुरानी मंदिर जिसमें गणेश जी का मूर्ति, शिवलिंग मूर्ति, बैल मूर्ति एवं हनुमान जी का मूर्ति विराजमान किया गया था। दिनांक 03 दिसंबर 2024 को सुबह पूजा करने आया तो देखा कि हनुमान भगवान का मूर्ति नहीं था इससे पहले 01 दिसंबर 2024 को गणेश मूर्ति, शिवलिंग मूर्ति एवं बैल मूर्ति नहीं था, 03 दिसंबर 2024 को हनुमान जी का मूर्ति नहीं होने पर शंका हुआ, कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है एवं पूजा सामान को बिखेर दिया है, धार्मिक भावना को ठेस पंहुचा है कि रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में अप.क्र.-642/2024 धारा- 299, 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण के गंभीरता को देखते हुये अज्ञात आरोपी एवं चोरी गये मूर्तियों के पता तलाश हेतु डोंगरगढ़ एवं सायबर सेल राजनांदगांव का टीम गठित किया गया था उक्त दोनों टीम साथ मिलकर अलग-अलग एंगल से अज्ञात आरोपी एवं चोरी गये मुर्तियों के पता तलाश में जुट गये जिस पर गठित टीम को सूचना मिला कि ग्राम बछेराभाठा निवासी भूवन चन्द्रवंशी अपने घर में मूर्ति रखा है कि सूचना मिलने पर भूवन चन्द्रवंशी पिता उदयराम चन्द्रवंशी उम्र- 35 साल निवासी बछेराभांठा थाना डोंगरगढ़ का पता-तलाश कर पूछताछ किया जो आरोपी अपने मोटर सायकल से ग्राम चिद्दो आकर ग्राम चिद्दो-डोंगरगढ़ मार्ग के रास्ते में नाला के पास शिव मंदिर, हनुमान मंदिर में रखे गणेश जी की मूर्ति, शिवलिंग मूर्ति, बैल मूर्ति एवं हुनमान जी के मूर्ति को चोरी कर अपने घर के आलमारी में छुपाकर रखा हूँ बताने पर पुलिस आरोपी के घर पंहुचकर आरोपी के घर अंदर रखे आलमारी से गणेश जी की मूर्ति, शिवलिंग मूर्ति, बैल मूर्ति एवं हुनमान जी के मूर्ति को बरामद कर मोटर सायकल क्र. सीजी-05/ई 7740 सहित जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, सउनि गणेश चौहान, आरक्षक- प्रयंश सिंह, योगेन्द्र देशमुख एवं साबबर सेल राजनांदगांव से सउनि सुमन कर्ष, प्रधान आरक्षक बसंतराव एवं आरक्षक प्रवेश वर्मा का विशेष योगदान रहा।

# पहला कॉलम...

## 'पुष्पा 2' प्रीव्यू में भगदड़ में महिला की मौत




नई दिल्ली। अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2 : द रूल' की हैदराबाद के संध्या थिएटर में स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई। अभिनेता अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना भी यहां फिल्म देखने पहुंचे, जहां साउथ सुपरस्टार को देखने पहुंची भीड़ में भगदड़ मच गई और इसमें एक महिला की मौत हो गई। इस मामले में अब तेलंगाना सरकार ने बड़ा फैसला सुनाया है। अल्लू अर्जुन-रश्मिका मंदाना स्टारर 'पुष्पा 2 : द रूल' गुरुवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई, जो बॉक्स ऑफिस पर छप्परफाड़ कमाई कर रही है। अल्लू अर्जुन की स्टार पावर फैंस के सिर चढ़कर बोल रही है। एक तरफ जहां 'पुष्पा 2' बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ हैदराबाद के संध्या थिएटर में स्पेशल स्क्रीनिंग के दौरान मची भगदड़ में महिला की मौत का मामला भी अब गर्माता जा रहा है। मृत महिला के पति की शिकायत पर अल्लू अर्जुन और फिल्म मेकर्स के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस बीच तेलंगाना सरकार ने फिल्मों के प्रीमियर को लेकर बड़ा ऐलान किया है। तेलंगाना सरकार ने गुरुवार, 5 दिसंबर को हैदराबाद के संध्या थिएटर में हुई घटना को ध्यान में रखते हुए घोषणा की कि राज्य भर में फिल्मों के प्रीमियर अब से बंद रहेंगे। तेलंगाना के सिनेमैटोग्राफी मंत्री कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने इस फैसले की घोषणा करते हुए कहा, हम आगे से तेलंगाना में किसी भी बेनिफिट शो के लिए अनुमति नहीं देंगे। फिल्म उद्योग को विनियमित करने और ऐसी त्रासदियों को दोबारा होने से रोकने के लिए यह फैसला जरूरी है।

## इंसानों को चंद्रमा की सतह पर भेजने का नासा का मिशन फिर हुआ फेल

केप केनवरल। इंसानों की चांद को पाने की चाहत पूरी नहीं पा रही। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा पिछले कई वर्षों से मानवों को चांद पर भेजने के मिशन पर काम कर रही है, लेकिन हर बार नासा को इसमें निराशा हाथ लग रही है। इससे यह साफ हो गया है कि इंसानों के लिए चांद को हासिल करना इतना भी आसान नहीं है। बता दें कि नासा ने अपोलो मिशन के 50 वर्ष से अधिक समय बाद अंतरिक्ष यात्रियों को एक बार फिर चंद्रमा पर भेजने के मिशन में लगातार प्रयासरत है। मगर नासा ने इस मिशन के एक बार फिर फेल होने की जानकारी दी है। बृहस्पतिवार को नासा ने बताया कि अब इस मिशन में अधिक देरी हो सकती है। 50 वर्षों बाद चांद की सतह पर जाने लिए इंसान बेताब है, लेकिन कोई न कोई खामी हर बार चांद पर जाने की राह में बाधक बन रही है। नासा के प्रशासक बिल नेल्सन ने कहा कि चंद्रमा अन्वेषण कार्यक्रम च्आर्टेमिसज् में शामिल अगला मिशन अब अप्रैल, 2026 के लिए प्रस्तावित है, जिसके तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा के चारों ओर भेजना और वापस लाया जाना है। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार मनुष्यों को चांद पर भेजने का तीसरा आर्टेमिस मिशन कम से कम 2027 तक के लिए टल जाएगा, जिसके तहत दो अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर भेजा जाना है। इससे पहले नासा ने इस मिशन को 2026 तक चंद्रमा पर भेजने का लक्ष्य रखा था। नासा के अपोलो कार्यक्रम के दौरान 24 अंतरिक्ष यात्री चन्द्रमा पर गए थे, जिनमें से 12 वहां उतरे थे। (भाषा)

## ट्रंप को पैट्रियॉट ऑफ द ईयर पुरस्कार



ग्रीनिले (अमेरिका)। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का जादू देश और दुनिया पर अभी से छाने लगा है। उनकी कार्यशैली और अंदाज की पूरी दुनिया में चर्चा हो रही है। बता दें कि आगामी 20 जनवरी को डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने वाले हैं। मगर इससे पहले ही उनको एक बड़े पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। ट्रंप को वीडियो च्स्ट्रीमिंगज् सेवा च्फॉक्स नेशनज् द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में 'पैट्रियॉट ऑफ द ईयर' (वर्ष का सबसे बड़ा देशभक्त) पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार सबसे बड़े राष्ट्रभक्त को दिया जाता है। ट्रंप को उनकी अप्रतिम देश भक्ति को देखते हुए इस पुरस्कार के लिए चुनाव गया। उल्लेखनीय है कि चुनाव जीतने के बाद से ट्रंप अधिकतर समय फ्लोरिडा स्थित अपने रिजॉर्ट च्मार-ए-लागोज् में ही रहकर अपने आगामी प्रशासन के मंत्रियों के नामों की घोषणा कर रहे हैं, लेकिन वह इस वार्षिक पुरस्कार समारोह में भाग लेने के लिए बृहस्पतिवार को न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड गए। राष्ट्रभक्त का पुरस्कार हासिल करने के बाद ट्रंप का जोश कई गुना हाई हो गया। वह अपने हाव-भाव से मंच पर ही अपने जोश का प्रदर्शन करते दिख रहे हैं। पुरस्कार हासिल करने के बाद ट्रंप ने टिल्स सेंटर फॉर द परफॉर्मिंग आर्ट्स में भीड़ को संबोधित भी किया। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने कहा, च्फॉक्स में काम करने वाले लोग बेहतरीन हैं। आज का दिन शानदार रहा।ज्ज् इस कार्यक्रम की मेजबानी च्फॉक्सज् के प्रस्तोता सीन हैनिटी ने की, जो ट्रंप के मित्र भी हैं।

# भारत ने श्रीलंका को हराकर एशिया कप के फाइनल में बनाई जगह, वैभव सूर्यवंशी का विस्फोटक प्रदर्शन

नई दिल्ली। भारत ने अंडर 19 एशिया कप 2024 के दूसरे सेमीफाइनल में दमदार प्रदर्शन किया है. टीम इंडिया ने श्रीलंका को शारजाह में 7 विकेट से रौंद दिया है. भारत के लिए वैभव सूर्यवंशी ने विस्फोटक बैटिंग की. उनके दमदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने फाइनल में जगह बना ली है. वैभव ने 67 रनों की पारी के दौरान 5 छक्के और 6 चौके लगाए. श्रीलंका ने पहले बैटिंग करते हुए 174 रनों का लक्ष्य रखा. इसके जवाब में भारत ने महज




21.4 ओवरों में मैच जीत लिया.

श्रीलंका ने पहले बैटिंग करते हुए 46.2 ओवरों में ऑल आउट होने तक 173 रन बनाए. इस दौरान शारुजन ने 42 रनों की पारी खेली. लकविन अबेयसिंघे ने 110 गेंदों का सामना करते हुए 69 रन बनाए. उन्होंने इस पारी के दौरान 3 चौके और 2 छक्के लगाए. इस दौरान भारत के लिए चेतन शर्मा ने घातक गेंदबाजी की. उन्होंने 3 विकेट झटके. आयुष माह्त्रे ने 2 विकेट झटके. किरण को भी दो विकेट मिले.

### श्रीलंका को फाइनल में बनाई जगह

श्रीलंका के दिए लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने 21.4 ओवरों में मैच जीत लिया. उसके लिए वैभव ने 67 रनों की दमदार पारी खेली. वहीं आयुष ने 28 गेंदों का सामना करते हुए 34 रन बनाए. उन्होंने 7 चौके लगाए. कप्तान मोहम्मद अमान ने नाबाद 25 रन बनाए. उन्होंने 2 चौके और 1 छक्का लगाया. कार्तिकेय ने नाबाद 11 रन बनाए. टीम इंडिया इस जीत के साथ फाइनल में पहुंच गई है.

### वैभव सूर्यवंशी ने जड़ा विस्फोटक अर्धशतक

वैभव टीम इंडिया के लिए बतौर ओपनर बैटिंग करने आए. उन्होंने 36 गेंदों का सामना करते हुए 67 रन बनाए. वैभव की इस पारी में 6 चौके और 5 छक्के शामिल रहे. उन्होंने ओपनर आयुष के साथ अच्छी साझेदारी भी निभाई. वैभव इससे पहले भी कई मौकों पर दम दिखा चुके हैं. वे एक बार फिर भारत की जीत के हीरो बने.

# भूकंप से दहशत! कैलिफोर्निया में 7.0 तीव्रता का भूकंप

नई दिल्ली।उत्तरी कैलिफोर्निया के हम्बोल्ट काउंटी में सुबह 10.44 बजे 7.0 तीव्रता का भूकंप आया. यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार भूकंप का केंद्र फेरंडेल नामक छोटे शहर के पश्चिम में था जो ओरेगन सीमा के करीब है. जानकारी के मुतबाकि भूकंप के झटके सैन फ्रांसिस्को तक महसूस किए गए. स्थानीय निवासियों ने बताया कि झटकों के दौरान ऐसा लगा जैसे वे किसी झूले पर हों. इस घटना के बाद अधिकारियों ने तुरंत सुनामी की चेतावनी जारी की, लेकिन बाद में इसे वापस ले लिया गया.

भूकंप के बाद 5.3 मिलियन लोगों पर सुनामी का खतरा मंडराने लगा. यूएसजीएस ने बताया कि करीब 1.3 मिलियन लोग ऐसे इलाके में रहते हैं जहां झटके महसूस किए गए. सांता क्रूज क्षेत्र में नेशनल वेदर सर्विस ने चेतावनी दी कि तेज लहरें तटीय इलाकों को प्रभावित कर सकती हैं और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी. वहीं सैन फ्रांसिस्को बे एरिया रैपिड ट्रांजिट (क्कन्रञ्ज) ने एहतियात के तौर पर पानी के नीचे स्थित सुरंग से यातायात रोक दिया.

भूकंप पृथ्वी के अंदर मौजूद टेक्टोनिक प्लेट्स की हलचल के कारण आता है. ये प्लेट्स लगातार गतिशील रहती हैं और जब ये आपस में टकराती या रगड़ती हैं तो धरती हिलने लगती है. भूकंप की तीव्रता को रिक्टर स्केल पर मापा जाता है जो 1 से 9 तक होती है. 7.0 तीव्रता के भूकंप से करीब 40 किलोमीटर के दायरे में तीव्र झटके महसूस होते हैं. इसके बाद झटकों की ताकत केंद्र से दूर जाते-जाते कमजोर पड़ जाती है. नेशनल वेदर सर्विस ने लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे तटीय इलाकों से दूर रहें।

# पिंक बॉल टेस्ट में काली पट्टी पहन मैदान पर उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम

नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट मैच का आज से एडिलेड के मैदान पर आगाज हो गया है। पिंक बॉल से खेले जा रहे इस मुकाबले में टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई टीम मैदान पर जब फील्डिंग करने उतरी तो सभी की बांह पर काली पट्टी बंधी हुई थी जिसके पीछे एक बड़ी खास वजह सामने आई। दरअसल ऑस्ट्रेलियाई प्लेयर्स ने अपने दिवंगत खिलाड़ी फिल ह्यूज की याद में काफी पट्टी बांध रखी थी, जिनका निधन शेफील्ड शील्ड के एक मैच में बल्लेबाजी करने के दौरान बाउंसर गेंद लगने की वजह से हो गया था। फिल ह्यूज का जब 10 साल पहले मैदान पर बल्लेबाजी करने के दौरान बाउंसर गेंद लगने की वजह निधन हो गया था तो उस समय पूरा क्रिकेट जगत सदमे में था और भारतीय टीम भी ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर पहुंची हुई थी। ह्यूज के निधन को अब 10 साल पूरे होने के बाद उनकी बरसी के मौके पर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की तरफ से एक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। इसके अलावा ऑस्ट्रेलियाई प्लेयर्स ने भारत के खिलाफ एडिलेड टेस्ट मैच में ह्यूज की याद और उनके सम्मान में पहले दिन के खेल में बांह पर काली पट्टी बांधकर खेलने का फैसला किया है। ह्यूज का जब निधन हुआ था तो उन्होंने उस समय तक ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए 26 टेस्ट मुकाबले खेले थे।




ऑस्ट्रेलियाई टीम ने एडिलेड टेस्ट मैच में शानदार शुरुआत की है जिसमें उन्होंने पहले सेशन का खेल खत्म होने समय तक टीम इंडिया के 4 खिलाड़ियों को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया था।

# महिला टी20आई : आयरलैंड ने बांग्लादेश को 12 रनों से हराया

**पहली बार दर्ज की टी20आई में ऐतिहासिक जीत**

नई दिल्ली। आयरलैंड महिला टीम और बांग्लादेश महिला टीम के बीच तीन टी20 मैचों की सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज का पहला मैच बांग्लादेश के सिलहट में खेला गया, जिसमें बांग्लादेश को आयरलैंड के खिलाफ 12 रनों से हार मिली। इस मैच में आयरलैंड महिला की कप्तान गेवी लेविस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, जो सही साबित हुआ। टीम ने बांग्लादेश को जीतने के लिए 170 रनों का टारगेट दिया, जिसके जवाब में बांग्लादेश की टीम सिर्फ 157 रन ही बना पाई। इस तरह से आयरलैंड महिला टीम ने पहली बार बांग्लादेश की धरती पर कोई टी20 इंटरनेशनल मैच जीता है।



आयरलैंड महिला टीम के लिए लीहा पॉल (79 रन) और गेवी लेविस (60 रन) ने कमाल का प्रदर्शन किया। इन प्लेयर्स ने दमदार अर्धशतक लगाए और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की। आयरलैंड महिला टीम की शुरुआत बहुत ही खराब रही। एमी हंटर सिर्फ 10 रन बनाकर आउट हो गईं। इसके बाद ओर्ला प्रैंडरग्रस्ट भी बड़ी पारी नहीं खेल पाई। लेकिन लीहा ने दमदार बैटिंग का नमूना पेश किया। उन्होंने मैच में 45 गेंदों में 79 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और 2 छक्के लगाए। इसके बाद बांग्लादेश की टीम को दिलारा अकेटर और शोभना मोस्टरी ने कमाल की शुरुआत दिलाई। इन प्लेयर्स ने पहले विकेट के लिए 103 रनों का साझेदारी की। इससे लग रहा था कि बांग्लादेश की टीम आसानी से ये मैच जीत जाएगी। लेकिन इन दोनों ही प्लेयर्स के आउट होते ही बांग्लादेश की पारी बिखर गई। कप्तान निगार सुल्ताना सिर्फ चार रन बनाकर आउट हो गईं। रितु मोनी और जानेतुल और फरडुस अपना खाता तक नहीं खोल पाईं और 20 ओवर्स के बाद टीम 7 विकेट के नुकसान पर 157 रन बना पाई। आयरलैंड के लिए ओर्ला प्रैंडरग्रस्ट और अरलेन कैली ने 3-3 विकेट हासिल किए हैं। आयरलैंड की महिला टीम की बॉलर्स ने कमाल की गेंदबाजी की और बांग्लादेश की बल्लेबाजों को बड़े स्ट्रोक नहीं लगाने दिए।

# आरबीआई ने रेपो रेट को लगातार 11वीं बार रखा स्थिर

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी बैठक के नतीजों की शुक्रवार को घोषणा हो चुकी है। इस बार भी रेपो रेट में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं किया गया।आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास द्वारा की गई घोषणा के अनुसार, लगातार 11वीं बार रेपो रेट को 6.50 प्रतिशत पर स्थिर रखा गया है। रेपो रेट में इस बार भी किसी तरह का बदलाव न होने को लेकर जानकार पहले से उम्मीद कर रहे थे।



आरबीआई गवर्नर ने कहा कि हमारी कोशिश आरबीआई अधिनियम के फ्लेक्सिबल टारगेटिंग फ्रेमवर्क का पालन करना है। प्राइस स्टेबिलिटी हमारी अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है। यह लोगों की क्रय शक्ति को प्रभावित करती है, इसलिए इसका महत्व व्यवसायों के लिए भी है। आरबीआई गवर्नर के अनुसार, सीआरआर में 50 बेसिस प्वाइंट की कटौती का फैसला लिया गया है, जिसके बाद कैश रिजर्व रेश्यो को घटाकर 4 प्रतिशत कर दिया गया है। किसी बैंक की कुल जमा का वह प्रतिशत होता है जिसे बैंक को लिक्विड कैश के रूप में केंद्रीय बैंक के पास रिजर्व के तौर पर रखना होता है।

मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की घोषणाओं के अनुसार, कमेटी ने स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी (एसडीएफ) को भी 6.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। बैंक रेट और मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी को 6.75 प्रतिशत पर ही स्थिर रखा गया है। कमेटी का मानना है कि सस्टेनेबल प्राइस स्टेबिलिटी के साथ ही उच्च विकास की नींव को मजबूत रखा जा सकता है। स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी (एसडीएफ) को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा 8 अप्रैल, 2022 को एक मौद्रिक नीति उपकरण के रूप में पेश किया गया था। एमपीसी ने वित्त वर्ष 2025 के लिए महंगाई 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में महंगाई 5.7 प्रतिशत और चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। वित्त वर्ष 2026 की पहली और दूसरी तिमाही के लिए महंगाई क्रमश- 4.6 प्रतिशत और 4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है।

# राष्ट्रपति पुतिन ने की मेक इन इंडिया की तारीफ, भारत में निवेश करना लाभदायक

नई दिल्ली। भारत और रूस की दोस्ती दशकों पुरानी है और अब यह दोस्ती और गहरी होने जा रही है. रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की च्मेक इन इंडियाज् पहल की जमकर तारीफ की है. उन्होंने भारत में निवेश को भी लाभकारी बताया है. रूसी राष्ट्रपति ने मेक इन इंडिया पहल की तारीफ करते हुए कहा, च्भारत की मेक इन इंडिया नीति के चलते भारत में छोटे और मध्यम वर्ग के उद्योगों में स्थिरता आई है.ज् उन्होंने आगे कहा कि हम भारत में अपने विनिर्माण परिचालन स्थापित करने के लिए भी तैयार है. हम मानते हैं कि भारत में निवेश करना अत्यंत लाभदायक है.

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तारीफों के पुल बांध दिए. उन्होंने पीएम मोदी की भारत प्रथम नीतियों की जमकर सराहना की. उन्होंने कहा कि रूस पूरे भारत में विनिर्माण संयंत्र स्थापित करेगा. उल्लेखनीय है कि रूस की राजधानी मॉस्को में एक निवेश शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि वे इस बात से बेहद प्रभावित हैं कि कैसे प्रधानमंत्री मोदी की 'मेक इन इंडिया' पहल विश्व स्तर पर भारत की स्थिति को मजबूती प्रदान कर रही है. पीएम मोदी की तारीफ करते हुए रूसी राष्ट्रपति ने स्वीकार किया कि किस प्रकार से प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों ने विकास के लिए एक स्थिर वातावरण का निर्माण करके भारत के विकास में योगदान दिया है. मॉस्को में आयोजित निवेश शिखर सम्मेलन में अपने संबोधन में कहा, प्रधानमंत्री मोदी के पास मेक इन इंडिया नाम का एक कार्यक्रम है.

हम भारत में अपने विनिर्माण परिचालन स्थापित करने के लिए भी तैयार है. प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार भारत को प्राथमिकता देने की नीति से प्रेरित होकर छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए स्थिर स्थितियां बना रही है.

# शेयर मार्केट: फडणवीस की सरकार आते ही विदेशी धनकुबेर गदगद, 4 सेशन में ही निकाल दी महीने की कसर

नई दिल्ली। देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री बन गए हैं, महायुति गठबंधन की सरकार बनने का रास्ता साफ होने के बाद विदेशी निवेशकों ने अपनी चाल भी बदल ली है। अक्टूबर और नवबंर में बेच-बेचकर भाग रहे निवेशकों ने एक महीने की कसर तो दिसंबर के पहले चार ट्रेडिंग सेशनों में ही पूरी कर दी। इस फ्रेश बाइंग से भारतीय शेयर बाजार में नया जोश देखने को मिला है। सेंसेक्स और निफ्टी ने लगातार 5 कारोबारी सेशन में मजबूती दर्ज की। बता दें कि अक्टूबर और नवंबर के महीनों में 1.1 लाख करोड़ रुपये के शेयर बेचने के बाद विदेशी संस्थागत निवेशक (एफ एलएल एस) दिसंबर में भारतीय शेयर बाजार में वापस लौटते दिखाई दे रहे हैं, दिसंबर के शुरुआती चार कारोबारी दिनों में ही एफ एलएलएस ने 23,500 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर खरीदे हैं। खास बात यह है कि यह रकम नवंबर में उनकी कुल बिक्री से भी अधिक है, एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर की शुरुआत से एफ एलएलएस ने 14,964 करोड़ रुपये का निवेश किया है, इसके साथ ही एनएसई के प्रोविजनल आंकड़ों से पता चलता है कि 5 दिसंबर को ही एफएलएलएस ने 8,539 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे, जिससे कुल खरीदारी 23,503 करोड़ रुपये तक पहुंच गई।

आरबीआई से बड़ी उम्मीद, मगर विशेषज्ञों का मानना है कि हालिया खरीददारी का मुख्य कारण शेयरों के दामों में हुई गिरावट के बाद आकर्षक वैल्यूएशन है, इसके साथ ही, यह उम्मीद जताई जा रही थी कि भारतीय रिज़र्व बैंक जल्द ही ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। एक्सपर्ट मानकर चल रहे थे कि अगर ब्याज दरें घटती हैं, तो अगले 6-8 तिमाहियों में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर और तेज हो सकती है। हालांकि आज की पॉलिसी में हालांकि रेपो रेट में कटौती नहीं हुई, मगर कैश रिजर्व रेश्यो को घटाकर बैंकों के हाथ में बड़ी पूंजी देने का काम किया है।

### अमेरिका के भारत-प्रेम का भी असर!

इसके अलावा, सरकार द्वारा बजट आवंटन और बुनियादी ढांचे पर बढ़ाया खर्च भी एफएलएलएस के निवेश का एक बड़ा कारण है. वित्तीय वर्ष की दूसरी छमाही में इन प्रयासों से आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने की संभावना है। वहीं, वैश्विक स्तर पर अमेरिका की नई नीतियों (विशेष रूप से भारत की ओर झुकाव ने) भी निवेशकों का ध्यान आकर्षित किया है।

डीआर चोक्सी फिनसर्व के मैनेजिंग डायरेक्टर, देवन चोक्सी का कहना है, 'मुझे विश्वास है कि भारत आने वाले वर्षों में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा, और यह वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करता रहेगा. जब तक शेयरों की कीमतें उचित रहेंगी, एफएलएलएस का निवेश जारी रहने की संभावना है. हाल ही में एफएलएलएस ने बड़े और ब्लू-चिप स्टॉक्स पर ध्यान केंद्रित किया है और मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों से दूरी बनाई है।

### कहां पैसा डाला बड़े निवेशकों ने

अक्टूबर में एफ एलएलएस ने 87,590 करोड़ रुपयों के शेयर बेचे, और नवंबर में 22,602 करोड़ की अतिरिक्त बिकवाली की। हालांकि, नवंबर के दूसरे हिस्से में यह बिक्री रुकने लगी और इस महीने एफ एलएलएस नेट बायर बने, हालांकि आंकड़ा 808 करोड़ रुपये का ही था।

एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, फाइनेंशियल सर्विसेज (9,597 करोड़), आईटी (2,429 करोड़), और एफएमसीजी (2,184 करोड़) जैसे क्षेत्रों में एफएलएलएस ने सबसे अधिक निवेश किया। इसके अलावा, रियल एस्टेट (1,367

***राज्यसभा में नोटों का बंडल मिलने ...***

चाहे एफबीआई बुलाएं या इंटरपोल, जांच कराएं- शिवसेना- शिवसेना (यूबीटी) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने भी जांच किए जाने का समर्थन किया और कहा- विपक्ष जांच की मांग कर रहा है। चाहे आप एफबीआई को बुलाएं या इंटरपोल की मदद लें। पूरे परिसर में 24 घंटे सीसीटीवी कवरेज है- इन सभी पहलुओं की जांच की जानी चाहिए। आज कैश मिला है, कल विपक्ष की आवाजों को दबाने के लिए कुछ और किया जा सकता है।

***केंद्रीय कैबिनेट ने 85 नए केंद्रीय...***

यह लाइन शहीद स्थल (न्यू बस अड्डा) से रिठाला (रेड लाइन) कॉरिडोर का विस्तार होगी और दिल्ली के उत्तर-पश्चिमी हिस्सों जैसे नरेला, बवाना और रोहिणी के कुछ हिस्सों में कनेक्टिविटी को बढ़ाने में मददगार होगी. गौरतलब है कि 2014 से पहले देश के सिर्फ 5 शहरों में मेट्रो नेटवर्क था, जबकि 2014-24 के बीच 23 शहरों में मेट्रो नेटवर्क का विस्तार हुआ है.

***शीतकालीन सत्र से पहले...***

सुरक्षा बलों के संयुक्त प्रयासों से नक्सल नेटवर्क को खत्म कर दिया गया है। लंबे समय से नहीं हुई कोई नक्सली घटना इन जिलों में नक्सल नेटवर्क और उनकी विभिन्न शाखाओं के खत्म होने से नक्सल मुक्त क्षेत्रों में लंबे समय से कोई नक्सल संबंधित घटना नहीं हुई है। यह सफलता सुरक्षा बलों के सतत अभियानों और यहां सड़कों, स्कूलों, स्वास्थ्य सेवाओं, रोजगार जैसी विकास परियोजनाओं की वजह से संभव हुई है। इन पहलों ने स्थानीय समुदायों का विश्वास जीतने और नक्सलवाद के प्रभाव को कमजोर करने में मदद की है। साय ने कहा कि अन्य नक्सल प्रभावित जिलों में अभियान जारी हैं, जिनका लक्ष्य जल्द ही उन्हें नक्सल मुक्त बनाना है। बस्तर ओलिंपिक के लिए दिया आमंत्रण- राज्य सरकार आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों और नक्सली हिंसा से प्रभावित परिवारों के

# प्रथम पेज का शेष....

पुनर्वास को भी प्राथमिकता दे रही है। मुख्यमंत्री ने गृह मंत्री को बस्तर ओलिंपिक और पुलिस पुरस्कार वितरण समारोह के समापन कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया, जिसे गृह मंत्री ने सहर्ष स्वीकार किया। साय ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नक्सल हिंसा से प्रभावित लोगों के लिए 15,000 घरों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। अमित शाह ने छत्तीसगढ़ सरकार और सुरक्षा बलों के प्रयासों की सराहना की और इसे क्षेत्र में शांति और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

***बुलेट प्रूफ जैकेट घोटाले का ...***

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से फाइल पर हस्ताक्षर करा लिए थे। बुलेट प्रूफ जैकेट की जो सप्लाई की गई, वे पास हुए सैंपल के नहीं थे। रायपुर के नरेश गुप्ता ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर जांच कराने का दोबारा आग्रह किया है।

0 यह है पूरा मामला- साल 2020 में पुलिस मुख्यालय की ओर से नक्सली क्षेत्र में तैनात जवानों की सुरक्षा के लिए बुलेट प्रूफ जैकेट की खरीदी के लिए टेंडर निकाला गया था। इसमें तीन कंपनियों ने भाग लिया था। टेंडर के नियम और शर्तों की वजह से तत्कालीन एमडी अनिल टूटेजा की चहेती फर्म शामिल नहीं हो पाई थी। टूटेजा के प्रभाव से टेंडर प्रक्रिया को निरस्त कर दिया गया। नियमों में बदलाव कर दोबारा टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई और आईएएस के चहेती फर्म को खरीदी की जिम्मेदारी दे दी गई। बताते चलें कि वर्तमान में शराब घोटाले में फंसे अनिल टूटेजा जेल में हैं।

0 एक साल में नहीं हुई कार्रवाई- भाजपा सरकार को सत्ता में आए एक साल पूरे हो गए हैं। मगर, इस मामले में कोई कार्रवाई नही हुई है। जिस समय खरीदी हुई थी, उस समय डीजीपी अशोक जुनेजा थे, जिन्हें रिटायरमेंट के बाद एक्सटेंशन दिया गया है।

***कांग्रेस संगठन कैडर बेस्ड नहीं...***

अगर कोई ऐसे दूसरी पार्टी में शिफ्ट हो तो एक निश्चित समय तक चुनाव लड़ने नहीं देना चाहिए। निकाय चुनाव के लिए आरक्षण पर कन्फ्यूजन निकाय चुनाव को लेकर सिंहदेव ने कहा कि सभी ने अपनी अपनी तरह से तैयारी कर ली है, लेकिन आरक्षण निर्धारित नहीं हुआ है। एससी सीट में ये तय नहीं की प्रतिशत से ही तय करेंगे, ओबीसी की स्थिति का भी पता नहीं। एक बार ये स्थिति तय हो जाए तब प्रत्याशी तय होगा। धान खरीदी में लगातार कमियां पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव धान खरीदी को लेकर कहा कि एकमुश्त राशि नहीं दी जा रही है। बोरों और टोकन की भी परेशानी थी। अभी 15 प्रतिशत तक खरीदी हुई है, वन अधिकार पत्र के किसानों का धान नहीं लिया जा रहा है।

***देश से आतंकियों के इकोसिस्टम...***

युवाओं को वापस मुख्यधारा में जोड़ना भी होगा। इसी तरह से आतंकी फंडिंग रोकने के लिए सभी राज्यों में विशेष फाइनेंशियल इंटेलीजेंस यूनिट भी गठित की जाएगी, जिसका काम आतंकी फंडिंग से जुड़े लेन-देन की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करना होगा। नई नीति में आतंकवाद से जुड़ी सभी खुफिया जानकारी पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए मानक कार्यवाही का तरीका (एसओपी) भी तैयार किया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नई नीति पर सभी राज्यों के साथ बातचीत जारी है और नए साल की शुरुआत में ही इसे लागू कर दिया जाएगा।

***डीएमएफ घोटाले में एक्शन...***

चलाता है। डीएमएफ का काम दिलाने के लिए वसूली गई रकम में से 7-8 करोड़ रुपये मनोज द्विवेदी ने भी कमाए हैं। उल्लेखनीय है कि, ईडी इससे पहले भी कई बार मनोज द्विवेदी से पूछताछ कर चुकी है। वहीं माया वारियर को भी कुछ समय पहले ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है।

# अवैध शराब बेचने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## चिखली पुलिस ने120 पौवा शोले प्लेन देशी मदिरा शराब व मोटर सायकल की जप्त

**राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस और साइबर टीम कैट संयुक्त कार्यवाही के चलते अवैध शराब बेचने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। कुल 2 प्रकरणों में जहां 5 आरोपियों को धर दबोचा गया है वहीं उनके पास से 35 पौवा शोले मसाला देशी मदिरा शराब व एक्टीवा जप्त की गई है।**




आरोपियों के कब्जे से देशी शराब एवं 02 नग दोपहिया वाहन जुमला कीमती 54650 रूपये जप्त किया गया है। आरोपियो के नाम- प्रदीप कुमार पारधी पिता स्व. प्रमोद पारधी उम्र 25 साल, निवासी बोईरडीह ओपी चिखली, प्रकाश पारधी पिता स्व. ज्ञानीलाल उम्र 22 साल निवासी बोईरडीह ओपी चिखली, टाकेश्वर साहू पिता तामेश्वर साहू उम्र 25 साल निवासी बुंदेली थाना ठेलकाडीह, गजेन्द्र कन्नौजे पिता विनोद कन्नौजे उम्र 23 साल निवासी रेंगाकठेरा थाना लालबाग व कुंदन चौधरी पिता यशवंत चौधरी उम्र 21 वर्ष निवासी राजीवनगर, थाना बसंतपुर बताया जाता है।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले मे अवैध शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुण्डा बदमाश और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालो के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है अभियान कार्यवाही के तहत 4 दिसंबर को सायबर सेल एवं चौकी चिखली पुलिस द्वारा पुख्ता सूचना के आधार पर भेड़ीकला अग्रवाल पोहा मिल के पास अवैध शराब बिक्री हेतु परिवहन कर रहे आरोपी प्रदीप कुमार पारधी. प्रकाश पारधी पिता के कब्जे से 120 पौवा शोले प्लेन देशी मदिरा शराब कुल 21600 एमएल कीमती 10800 रूपये एवं मो.सा. क्र. सीजी 08 एस 8107 कीमती लगभग 25000 रूपये जुमला कीमती 35800 रूपये को जप्त कर विधिवत कार्यवाही किया गया व आरोपियों से कड़ाई से पुछताछ करने पर आरोपी प्रकाश पारधी द्वारा उक्त 120 पौवा शोले प्लेन देशी मदिरा शराब को कुंदन चौधरी के कहने पर ले जाना बताने पर आरोपी कुंदन चौधरी पिता यशवंत चौधरी उम्र 21 वर्ष निवासी राजीवनगर वार्ड नंबर 42 थाना बसंतपुर जिला को शीतला मंदिर तालाब के पास से घेराबंदी कर पकड़ा गया आरोपी के विरूद्ध साक्ष्य पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार किया गया। इसी तरह अभियान कार्यवाही में ग्राम गठुला धर्मकांटा के पास मेनरोड मे आरोपी टाकेश्वर साहू व गजेन्द्र कन्नौजे के कब्जे से 35 पौवा शोले मसाला देशी मदिरा शराब कुल 6300 एमएल कीमती 3850 रूपये एवं एक्टीवा क्र. सीजी 08 एपी 0913 कीमती 15000 रूपये कुल जुमला 18850 रूपये को जप्त किया गया। आरोपियो के विरूद्ध धारा सदर 34(2) आबकारी एक्ट के तहत साक्ष्य पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी प्रकाश पारधी एवं कुंदन चौधरी दोनो आदतन अपराधी है दोनो के खिलाफ पूर्व मे कई मामले आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज है। उपरोक्त कार्यवाही में सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पम्मार, थाना प्रभारी कोतवाली संजय बरेठ, प्रभारी चिखली चौकी सउनि शत्रुहन टण्डन, प्र.आर. सुनील वर्मा, अरूण नेताम, समारूराम सर्पा, म.प्र.आर. ज्योति साहू, आर. सिन्धु सिन्हा, कमल तामेश्वर भुआर्य, मिर्जा असलम बेग एवं सायबर सेल सउनि द्वारिका लाउत्रे, प्र.आर. अनित शुक्ला, आर.अवध किशोर साहू, मनीष वर्मा, अविनाश झा एवं कोतवाली से रूपेन्द्र वर्मा का महत्वपूर्ण भूमिका सराहनीय योगदान रहा है।

# चक्काजाम करने वाले आंदोलनकारी के खिलाफ शिकायत दर्ज





डोंगरगढ़ (दावा)। प्रार्थी ज्वाला मंडावी पिता वासुदेव मंडावी निवासी कण्डरा पारा डोंगरगढ़ ने थाना हाजिर आकर शिकायत आवेदन पत्र पेश करने पर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों द्वारा धारा 189(1), 126(2) बीएनएस का अपराध घटित होना पाये जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रार्थी द्वारा थाना प्रभारी के नाम दिए गए आवेदन में कहा है कि वह रोजी मजदूरी का कार्य करता है। 05 दिसंबर को डोंगरगढ़ से ग्राम चिद्दो होते हुये ग्राम अण्डी काम करने जा रहा था। ग्राम चिद्दों से कुछ दूर सामने मंदिर के पास रोड के बीचो-बीच

### मंदिर से मूर्ति की चोरी को लेकर किया चक्काजाम

कुछ अज्ञात व्यक्ति लोग रोड को घेरकर बैठे हुये थे तथा रोड में कोई व्यक्ति आ जा ना सके इसलिए बांस को रखकर अवरोध कर दिये थे। जो नारेबाजी भी कर रहे थे, मेरे पूछने पर बोले की चक्काजाम है तुम आगे नहीं जा सकते और मुझे ग्राम चिद्दो की ओर जाने से रोक दिये जिससे मैं अपने काम करने के काम से ग्राम अण्डी नहीं जा सका, जिससे मैं अपना काम नहीं कर पाया। वह लोग मुझे जान बुझकर मेरे कार्य में बाधा डालते हुये मुझे रोक दिये थे। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## राजस्व विभाग ने 48 क्विंटल धान फिर पकड़ा



डोंगरगढ़(दावा)। जालबांधा, खैरागढ़ से मुरमुंदा, डोंगरगढ़ अवैध रूप से धान का परिवहन कर रहे लगभग 48 क्विंटल धान को गाड़ी सहित जप्ती कर मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही जिला कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व विभाग द्वारा की जा रही है।

# नागपुर मंडल के 26 बूथों पर शांतिपूर्ण तरिके से मतदान हुआ सम्पन्न



राजनांदगांव (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ट्रैक मेन्टेनर ऐसोसिएशन नागपुर मण्डल के अध्यक्ष श्रवण यादव के द्वारा विज्ञप्ती जारी करते हुए बताया गया। भारतीय रेलवे में मान्यता के लिये यूनियन चुनाव तीन दिनों से हो रहा था जिसमें अन्तिम दिवस 6 दिसंबर को नागपुर मंडल के 26 बूथों पर शांतिपूर्ण तरिके से मतदान सम्पन्न हुआ. इस चुनाव में अखंड रेलवे कर्मचारी संघ को रेलवे की. केटेगरी वाइज सबसे बड़ा ऐशोसिएशन, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ट्रैकमेंटेनर ऐशोसिएशन का समर्थन मिला है इसलिये अखंड रेलवे कर्मचारी संघ अपने टेबल छाप चुनाव चिन्ह के साथ बाकी अन्य यूनियन को पीछे छोड़ते हुये अखंड रेलवे कर्मचारी संघ भारी बहुमतों से जीत का दावा कर रहा है इस अवसर पर नागपुर मंडल के सह सचिव देव प्रीतम, ब्रांच अध्यक्ष महेश कुमार साव सचिव ललित निषाद, भोलाराम साहू, तिलक साहू, भूपेंद्र गहिने, पंचम कश्यप, शैलेन्द्र कुमार, प्रेम लाल साहू, बसंत भलावी, नारद यादव सहित अन्य अखंड रेलवे कर्मचारी संघ के कार्यकर्ता होने वाली जित पर उत्साहीत है।

# जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में 11 दिसंबर को प्लेसमेंट कैम्प

डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड स्तर पर जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में 11 दिसम्बर 2024 को सुबह 10.30 बजे प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। उपसंचालक रोजगार एसव्ही राजौरिया ने बताया कि फायर एण्ड सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट राम नगर सुपेला भिलाई जिला दुर्ग द्वारा फायर मेन के 20, सिक्यूरिटी गार्ड के 150, सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के 50, ड्राइवर हैवी लाइसेंस के 10, होम केयर टेकर सर्विस के 100 पद एवं सेफ इंटेलीजेंस सिक्यूरिटी कोहका भिलाई जिला दुर्ग द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड के 50, सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के 15, सिक्यूरिटी लेडी गार्ड के 10 पद तथा टेक्नोटॉस्क बिजनेस साल्यूशन प्रायवेट लिमिटेड टेड़ेसरा जिला राजनांदगांव द्वारा कस्टमर सपोर्ट एसोसिएट के 400 पद पर भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने वाले इच्छुक आवेदकों को शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो एवं रोजगार पंजीयन कार्ड लाना अनिवार्य होगा।

## ग्रामीणजन स्वच्छता की मुहिम से जुड़ रहे हैं

मोहला (दावा)। विश्व शौचालय दिवस अभियान अंतर्गत जिले के नागरिकों को इस मुहिम में जुड़ने के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में ग्राम पंचायत नीचेकोहड़ा में स्वच्छता कार्यक्रम से जुड़े अधिकारियो के द्वारा बैठक कर शौचालय का उपयोग के संबंध ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। साथ ही सामुदायिक शौचालय का उपयोग के संबंध में आवश्यक जानकारी दिया गया।

# रानी रश्मिदेवी सिंह महाविद्यालय में सात दिवसीय रासेयो शिविर का समापन, उत्कृष्ण कार्यों के लिए छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

खैरागढ़ (दावा)। रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ सात दिवसीय रासेयो शिविर समापन कुलीकसा में प्रभारी प्राचार्य डॉ. जितेन्द्र साखरे के निर्देशानुसार पुरुस्कार वितरण आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच पति छबिलाल वर्मा, अध्यक्षता पूर्व कार्यक्रम अधिकारी सेवानिवृत्त ग्रंथपाल जे. के. वैष्णव एवं कार्यक्रम अधिकारी प्रो. यशपाल जंघेल रहे। सर्वप्रथम मां सरस्वती, मां भारती, स्वामी विवेकानन्द जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्ज्वलित एवं रासेयो गीत से पुरुस्कार वितरण प्रारंभ हुआ। मुख्य अतिथि छबिलाल वर्मा ने ग्राम कुलीकसा शिविर में छात्र छात्राओं के कार्यों की सराहना की। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी जे के वैष्णव ने शिविर के थीम अनुसार युवाओं को डिजिटल युग में कम्प्यूटर, नेटवर्किंग, मोबाइल आदि संचार क्रांति के माध्यम से अद्यतन रहने एवं जागरूकता लाने को रेखांकित किया। स्वामी विवेकानन्द जी के आदर्शों पर चलकर देशभक्ति जनसेवा के मार्ग पर चलने कहा।



राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. यशपाल जंघेल ने शिविर अवधि में छात्र छात्राओं के कार्यो का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मैडम सरस्वती वर्मा ने स्कूल के छात्र-छात्राओं का शिविर अवधि में कार्यो की सराहना करते हुए प्रसंशा की। पुरुस्कार वितरण समारोह में रक्तदान महादान में 15 बार रक्तदान करने एवं देहदान फार्म भरने छात्र टिकेंद्र वर्मा एम ए, 13 बार रक्तदान एवं देहदान फार्म भरने छात्र ताम्रध्वज वर्मा को विशेष पुरस्कृत किया गया। रक्तदाता कु. लीना वर्मा, देवेन्द्र पटेल सहित सीमा वर्मा, पूजा वर्मा, गौरी यदु, प्राची यादव, वर्षा वर्मा, दलनायक नीतेश साहू, प्रदीप साहू, एमन साहू, प्रमोद सिन्हा सहित पांच ग्रुपों के सदस्यों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर शिक्षक वीरेन्द्र मेश्राम, ए.आर.जोशी, सरस्वती वर्मा, चन्द्रहास ठाकुर, ग्रामवासी बिसनाथ वर्मा, शोभाराम वर्मा सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति महिलाएं, गणमान्य नागरिक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन टिकेंद्र वर्मा आभार प्रदर्शन प्रो यशपाल जंघेल ने किया।

# डोंगरगढ़ के तीन खिलाड़ियों ने बॉक्सिंग चैंपियनशिप में किया पदक हासिल



डोंगरगढ़(दावा)। 16वीं छत्तीसगढ़ स्टेट एलिट पुरुष एवं महिला वर्ग बॉक्सिंग चैंपियनशिप का यह आयोजन 2 से 4 दिसंबर जवाहर नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स हाउसिंग बोर्ड सेक्टर भिलाई में आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश से 15-17 जिलों के बॉक्सर ने हिस्सा लिया और अपना दम खम जौहर दिखाया। वहीं डोंगरगढ़ ऑन द राइस मार्शल आर्ट संस्था से दीपा चंद्रवंशी पिता खिलावन राम चंद्रवंशी ने रजत पदक, गौरव राव पिता नारायण राव कांस्य पदक, दुष्यंत पंडरे पिता हेर सिंह पंडरे संस्था के कोच मुकेश साहू ने बताया कि बॉक्सिंग या मुक्केबाज़ी एक ऐसा खेल है जिसमें दो लोग, समान वज़न के, एक-दूसरे पर दस्ताने पहनकर मुक्के मारते हैं यह एक युद्ध खेल है और मार्शल आर्ट है।

इसमें प्रतिद्वंद्वी को हराने के लिए किक, टेक-डाउन या घुटनों, कोहनी या पिंडलियों का इस्तेमाल नहीं किया जाता। बॉक्सिंग मैच को राउंड में बांटा जाता है। एक राउंड की अवधि तीन मिनट की होती है।

बॉक्सिंग मैच एक रस्सी से बंधे क्षेत्र में होता है जिसे रिंग कहते हैं। बॉक्सिंग में जीतने के लिए साहस और कौशल की ज़रूरत होती है। मुक्केबाज़ी में, मुक्केबाज़ अपने प्रतिद्वंद्वी को नॉकआउट करके जीत सकता है या फिर ज़्यादा अंक हासिल करके भी जीत सकता है बॉक्सिंग में जज हर राउंड के बाद अलग-अलग स्कोर करते हैं। बॉक्सिंग में मुक्केबाज़ों को सुरक्षा के लिए दस्ताने, हैंड रैप्स और माउथगार्ड पहनने होते हैं। डोंगरगढ़ में विगत दो सालों से स्कूल कॉलेज ओपन नेशनल के लिए बच्चों को तैयार कर रहे है पिछले वर्ष में 2 बॉक्सर ईस्ट जोन विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किए और इस वर्ष दीपा चंद्रवंशी पिता खिलावन राम चंद्रवंशी ने ऑल इंडिया बॉक्सिंग में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। कोच मुकेश साहू ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की छत्तीसगढ़ प्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग संस्था के सचिव चूड़ामणि ठाकुर ने बताया कि यह स्टेट चैम्पियनशीप में बच्चे स्वर्ण पदक जीतने के बाद नेशनल के लिए अपना स्थान सुनिश्चित करेंगें और अपने प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# किशोरी बालिकाओं के लिए स्वस्थ नोनी कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

राजनांदगांव (दावा)। जिले में किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा स्वस्थ नोनी कार्यक्रम की पहल की गई है। विशेष तौर पर बालिकाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने एवं उनके हिमोग्लोबिन का परीक्षण करते हुए उनके स्वास्थ्य की दिशा में कारगर कदम बढ़ाए गए है। इसी कड़ी में आज कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में किशोरी बालिकाओं के लिए स्वस्थ नोनी कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।




**चिरायु टीम व गठित चिकित्सकीय दल द्वारा 2937 किशोरी बालिकाओ की गई स्वास्थ्य जांच**

विकासखंड स्तर व सेक्टर स्तर पर विकासखंडों में चिरायु टीम व गठित चिकित्सकीय दल द्वारा शासकीय उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कुल 2937 किशोरी बालिकाओं की जांच की गई, जिसमें 8 ग्राम से कम हिमोग्लोबिन वाले 18 किशोरी बालिकाओं को काऊंसिलिंग कर उपचार किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि स्वस्थ नोनी कार्यक्रम के तहत शासकीय उच्च और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य शिक्षा, हाथ धोने की विधि, किशोरी बालिकाओं में होने वाले शारीरिक बदलाव, तनाव प्रबंधक, एचआईव्ही, भावनात्मक स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर चर्चा कर सलाह दी गई। साथ ही समस्त किशोरी बालिकाओं का हिमोग्लोबिन जांच किया गया एवं रक्त अल्पता से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया गया।

कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग को दायित्व सौंपा गया है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संदीप ताम्रकार ने बताया कि स्वस्थ नोनी कार्यक्रम किशोरी बालिकाओं के भविष्य हेतु महत्वपूर्ण है। प्रति सप्ताह कार्यक्रम के तहत उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोरी बालिकाओं की हिमोग्लोबिन जांच सभी विकासखंडों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों की सहायता से चिकित्सकीय दल द्वारा कराया जायेगा। जिससे जिले में हिमोग्लोबिन अल्पता वाली किशोरी बालिकाओं का ईलाज समय पूर्व किया जा सकता है।

## नागरिकों को सोलर से जोड़ने विकसित किया गया सौर समाधान एप

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) द्वारा नागरिकों को सोलर से जोडऩे के लिए सौर समाधान एप विकसित किया गया है। इस एप के माध्यम से सौर ऊर्जा तथा क्रेडा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते है। साथ ही सौर संयंत्रों की स्थापना के लिए आवेदन भी कर सकते है। सौर समाधान एप के माध्यम से पूर्व से स्थापित संयंत्रों में आयी खराबी के संबंध में शिकायत किया जा सकता है। सौर समाधान एप के माध्यम से दूरस्थ इलाकों में निवासरत लोगों को सुविधा मिलेगी। एप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाएगा, प्राप्त आवेदनों से सोलर संयत्रों को अधिक से अधिक स्थापना किया जाएगा तथा हरित ऊर्जा को बढ़ावा दिया जाएगा। हितग्राही घर से ही अपने खेतों में पंप लगाने के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

# विष्णु राज में महिलाएं बेहद खुश - गीता घासी साहू

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने महतारी वंदन योजना की 10वीं किश्त की राशि प्रदेश की 70 लाख महिलाओं के खाते में सीधे अंतरित होने के बाद कहा है कि यह कांग्रेस के उस झूठ का करारा जवाब है, जो वह इस योजना को लेकर शुरू से फैलाने में लगी हुई थी।



श्रीमती साहू ने कहा कि कांग्रेस हर मुद्दे पर झूठ बोलकर हर बार मुँह की खा रही है, फिर भी झूठ बोलने, षड्यंत्र रचने और अराजकता फैलाने के मंसूबे पालने से बाज नहीं आ रही है। अध्यक्ष श्रीमती साहू ने कहा कि दरअसल कांग्रेस वादाखिलाफी में माहिर है, इसलिए उसे हर जगह पीलिया के मरीज की तरह सब कुछ पीला-पीला नजर आता है, लेकिन प्रदेश की जनता जनार्दन का यह दृढ़ विश्वास है कि भाजपा जो कहती है, वह करती है।

प्रदेश की 70 लाख माताओं-बहनों को महतारी वंदन योजना की एक हजार रुपए की राशि की 10वीं किश्त मंगलवार को अंतरित की गई है। माताओं-बहनों का आशीर्वाद ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार और भाजपा को काम करने की शक्ति प्रदान कर रहा है। महतारी वंदन योजना के कारण माताओं-बहनों की आँखों में दिख रही स्वाभिमान की चमक भाजपा और प्रदेश सरकार का सबसे बड़ा संतोष है।

# नेहरु कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया लांजी के किला का शैक्षणिक भ्रमण




डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरु स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा एम.ए. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र छात्राओं को सत्र 2024-25 की शैक्षणिक भ्रमण गतिविधि अंतर्गत 4 दिसंबर मंगलवार को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीमती ई.व्ही रेवती के दिशा निर्देशानुसार शैक्षणिक भ्रमण हेतु लांजी बालाघाट (म.प्र) के लजकारी मंदिर, कोटेश्वर महादेव मंदिर, बालाजी मंदिर, लोटामा झरना, वैरी डेम का भ्रमण कराया गया ।

भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं को मंदिर के प्राकृतिक सौंदर्य, भौगोलिक एवं ऐतिहासिक परिदृश्य से छात्र-छात्राओं को अवलोकन कराया गया, जिसमें शैक्षणिक भ्रमण से छात्र-छात्राएं लाभान्वित हुए। इस शैक्षणिक भ्रमण में राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप जाम्बुलकर, प्राध्यापिका अनिमा मिंज एवं एम.ए. प्रथम सेमेस्टर और तृतीय सेमेस्टर के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने यात्रा के पलों प्राकृतिक सौंदर्य घाटी का सुखद आनन्द लिया।

# 'लीडरशिप इन द मॉडर्न बिजनेस वर्ल्ड' विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। महाविद्यालय के प्रबंधन विभाग द्वारा 04 दिसम्बर को ''लीडरशिप इन द मॉडर्न बिजनेस वर्ल्ड'' विषय पर अतिथि विज्ञान का आयोजन किया गया जिस पर व्याख्यान हेतु दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव से सहा. प्रा. श्रीमती रागीनी परते जी उपस्थित रही। व्याख्यान प्रारंभ होने के पूर्व प्रबंधन विभाग की विभागाध्यक्ष सुश्री आभा प्रजापति जी ने अतिथि व्याख्याता श्रीमति रागिनी पराते जी का स्वागत उद्बोधन कर अतिथि व्याख्यान कराने का उद्देश्य विद्यार्थियों से साझा किया।




व्याख्यान के दौरान श्रीमति रागिनी जी ने बताया की व्यवसायिक जगत में नेतृत्व को आधुनिकता के साथ कैसे जोड़ा जाए तथा उन्होंने विभिन्न महान हस्तियों का परिचय देकर व्यवसायिक जगत में उनके कौशलो, अनुभवों से अवगत कराते हुए नवीन व्यवसाय करने हेतु कैसी योजना तैयार की जानी चाहिए इसलिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। साथ ही साथ विद्यार्थियों के मध्य नेतृत्व कौशल का विकास करने के लिए विद्यार्थियों को समूह में विभाजित करके व्यवसायिक गतिविधि कराकर नेतृत्व का रुचिपूर्ण उदाहरण दिया। इस व्याख्यान को विद्यार्थियों ने बहुत ध्यान पूर्वक सुना एवं भविष्य हेतु लाभकारी सिद्ध होगा ऐसी प्रतिपुष्टि प्रदान की।

व्याख्यान के अंत में सुश्री देविका देवांगन जी ने अतिथि का धन्यवाद ज्ञापन कर विद्यार्थियों को भविष्य में आने वाले विभिन्न प्रकार की चुनौतियों के लिए तैयार होने की सलाह दी एवं गतिविधियों में सक्रिय रहकर भाग लेने हेतु प्रेरित किया। इस व्याख्यान में समस्त प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव

# आरक्षण की नई व्यवस्था होगी लागू, जहां 50 प्रतिशत एससी-एसटी, वहां ओबीसी को आरक्षण नहीं



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ में जल्द होने वाले त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनाव के संबंध में राज्य सरकार अध्यादेश लाई है। खास बात ये है कि, इस बार के चुनाव में आरक्षण की नई व्यवस्था लागू होगी। हाल ही में छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग द्वारा की गई अनुशंसा के आधार पर सरकार ने आरक्षण का फैसला किया है। अगर किसी ग्राम पंचायत में एससी और एसटी के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण है, तो वहां ओबीसी को कोई आरक्षण नहीं मिलेगा।

### इस तरह मिलेगा जनपद, जिला पंचायत में आरक्षण

अध्यादेश में कहा गया है कि, किसी ग्राम पंचायत में, जहां अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के पचास प्रतिशत से कम स्थान आरक्षित किए हैं वहां यथा संभव निकटतम रूप से कुल स्थानों की संख्या के पचास प्रतिशत की अधिकतम सीमा के अध्याधीन रहते हुए शेष स्थान, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षित किए जाएंगे और ऐसे स्थान पर उस ग्राम पंचायत के भिन्न वार्डों को विहित रीति में, चक्रानुक्रम में कलेक्टर द्वारा आवंटित किए जाएंगे। यही प्रक्रिया जनपद पंचायतों के चुनाव में भी लागू होगी।

इस संबंध में अध्यादेश में कहा गया है कि किसी जनपद में, जहां अनुसूचित जातियों, जनजातियों के लिए पचास प्रतिशत या पचास प्रतिशत से अधिक स्थान आरक्षित किए गए हैं, वहां अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कोई स्थान आरक्षित नहीं होगा। इसी तरह की प्रक्रिया जिला पंचायतों के चुनाव पर भी लागू होगी। जिला पंचायत के संबंध में ये भी कहा गया है कि यदि राज्य में अनुसूचित जातियों, जनजातियों के लिए पचास प्रतिशत से कम स्थान आरक्षित किए गए हों तो यथासंभव निकटतम रूप से राज्य के भीतर जिला पंचायतों के अध्यक्षों के कुल स्थानों की संख्या के पचास प्रतिशत की अधिकतम सीमा के अध्याधीन रहते हुए शेष स्थान पर अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षित किए जाएंगे।

# आरक्षक भर्ती से बेन हटने के बाद पुनः शुरू हुई आरक्षक भर्ती परीक्षा



राजनांदगांव (दावा)। शहर के आठवीं बटालियन में चल रही आरक्षक भर्ती परीक्षा को बिलासपुर उच्च न्यायालय द्वारा रोक लगा दिए जाने से भर्ती परीक्षा स्थगित हो गई थी। बाद में कोर्ट द्वारा कुछ संशोधन उपरांत रोक हटा लिए जाने के बाद रक्षित क्षेत्र आठवीं बटालियन में पुनः आरक्षक भर्ती परीक्षा शुरू हो गई है। भर्ती परीक्षा के फिर से शुरू होते ही आठवीं बटालियन क्षेत्र में युवाओं की खासी भीड़ उमड़ पड़ी है। बता दें कि उक्त भर्ती परीक्षा में पुलिस वालों के बच्चों को छूट दी गई थी। इससे नाराज कुछ लोग बिलासपुर उच्च न्यायालय ने याचिका दाखिल कर दिया था। जिस पर न्यायालय ने सुनवाई करते हुए परीक्षा पर रोक लगा दी थी। अब नक्सली क्षेत्र के युवकों को भर्ती में छूट देने सहित कुछ आवश्यक संशोधन उपरांत भर्ती परीक्षा में रोक हटा दी गई है इसके चलते रक्षित क्षेत्र में आरक्षक बनने के अभ्यर्थियों की भारी भीड़ उमड़ी हुई है जिससे वहां मेले जैसा माहौल बना हुआ है।

# जीएसटी अफसरों से दुर्व्यवहार पर एक्शन : प्रतिष्ठानों पर स्टेट जीएसटी की दबिश, थाने में मामला भी दर्ज



रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य कर जीएसटी विभाग ने रायपुर के मेसर्स योगेश कमर्शियल, महेश कालोनी, गुढियारी के मुनीश कुमार शाह और मेसर्स श्री जगन्नाथ कन्स्ट्रक्शन, दलदल सिवनी के प्रतिष्ठानों पर छापा मारा है। इन पर विभागीय अफसरों को धमकाने का आरोप लगा है।

मिली जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य कर निरीक्षकों को शासकीय कार्य के दौरान व्यवसायियों द्वारा धमकाने की घटना को गंभीरता से लेकर कार्यवाही के निर्देश दिए थे। इसके बाद ऐसे बोगस फर्मों, संदिग्ध फर्मों की पहचान के लिए रिस्क पैरामीटर के आधार पर ऐसे फर्मों की पहचान कर भौतिक सत्यापन की कार्यवाही की जा रही है। विभाग के निर्देश पर निरीक्षकों द्वारा रायपुर स्थित मेसर्स योगेश कमर्शियल, महेश कालोनी, गुढियारी के मुनीश कुमार शाह एव मेसर्स श्री जगन्नाथ कन्स्ट्रक्शन, दलदल सिवनी के राहुल शर्मा के विरूद्ध अनियमितता की शिकायत प्राप्त होने पर व्यवसाय के भौतिक सत्यापन हेतु राज्य कर निरीक्षक रितु सोनकर और होमेश वर्मा को निर्देशित किया गया था। आदेश के परिपालन में कर निरीक्षक भौतिक सत्यापन करने गये थे, लेकिन उक्त दोनों व्यवसायियों के द्वारा निरीक्षकों के साथ दुर्व्यवहार करते हुए धमकी दी गई, जिससे व्यवसाय के भौतिक सत्यापन के शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री श्री साय के द्वारा व्यवसायियों के इस कृत्य को गंभीरता से लिया गया।

### सीएम साय ने दिए कड़े निर्देश

मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देशन में विभाग ने व्यवसायियों के संव्यवहारों की पड़ताल की तथा कर अपवंचन और जीएसटी अधिनियम के प्रावधानों का पालन नहीं करने पर आज विभाग ने दोनों फर्मों के प्रतिष्ठानों पर जांच जब्ती की कार्यवाही की। विभाग द्वारा शासकीय कार्यों में बाधा पहुंचाने एवं अधिकारियों को धमकाने के लिए उक्त व्यक्तियों के विरूद्ध पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्रवाई की गई।

# केंद्रीय पर्यवेक्षक गजेंद्र सिंह पटेल एवं प्रदेश निर्वाचन अधिकारी खूबचंद पारख का संयुक्त दौरा



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के अनुसार सदस्यता अभियान के महापर्व के सफलतापूर्वक संपन्न होने के पश्चात अब मंडल जिला एवं प्रदेश स्तर के चुनाव की प्रक्रिया का आगाज हो चुका है, जिसके तहत राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार राष्ट्रीय महामंत्री अजजा मोर्चा एवं सांसद गजेंद्र सिंह पटेल के साथ प्रदेश चुनाव अधिकारी खूबचंद पारख का संयुक्त दो दिवसीय दौरा घोषित किया गया है। दौरे के अनुसार 7 दिसंबर सुबह 10 बजे बिलासपुर एवं सरगुजा संभाग की बैठक भाजपा कार्यालय बिलासपुर में आयोजित की गई है, शाम 4.15 बजे से 7.00 तक रायपुर संभाग की बैठक भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में रखी गई है। इसी तरह 8 दिसंबर रविवार को प्रातः 11.00 बजे भाजपा कार्यालय कांकेर में बस्तर संभाग की बैठक आहूत की गई है एवं शाम 4 से 6 बजे तक भाजपा कार्यालय दुर्ग में दुर्ग संभाग की बैठक रखी गई है। चुनाव अधिकारी खूबचंद पारख ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में प्रमुख रूप से संगठनात्मक गतिविधियों को सुचारू रूप से आगे बढ़ाने के लिए आगामी चुनाव की रूपरेखा बताई जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक में प्रदेश की चुनाव टीम, जिला के चुनाव अधिकारी सह अधिकारी एवं जिले के चुनाव पर्यवेक्षक अपेक्षित रहेंगे।

### आलू पर ममता का फिर बैन : अब उप्र और मप्र से ही आवक, थोक में दाम 35 और चिल्हर में 50 रुपए

रायपुर (दावा)। आलू पर एक बार फिर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी का कहर टूटा है। बंगाल से दूसरे राज्यों में आलू भेजने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। ऐसा होने से जहां बंगाल के कारोबारी परेशान हो गए हैं, वहीं बंगाल से छत्तीसगढ़ भी माल आना पूरी तरह से बंद हो गया है। बंगाल से रोज अपने राज्य में 25 से 30 ट्रक माल आता है। अब उप्र और मप्र के छिंदवाड़ा से आलू आ रहा है। ऐसे में थोक में जहां नया और पुराना आलू 35 रुपए किलो तक बिक रहा है, वहीं चिल्हर कारोबारी इसको 50 रुपए में बेच रहे हैं। आने वाले समय में कीमत में कमी होने की संभावना नहीं है।

# भाजपा नेता मो. इरफान शेख जलाल बाग के कार्यवाहक मुतवल्ली



**वक्फ बोर्ड के नियुक्ति आदेश पर इरफान समर्थकों में खुशी की लहर**

राजनांदगांव(दावा)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख हजरत सैयद जलालुद्दीन शाह रहमतुल्ला अलैह दरगाह और यतीम खाना पारी नाल राजनांदगांव के मुतवल्ली का कार्यकाल समाप्त होने के बाद शहर जिले के सक्रिय समाजसेवी मोहम्मद इरफान शेख जो जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष भी है, को कार्यवाहक मुतवल्ली बनाया गया है।

छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के 5 दिसंबर को जारी आदेश के तहत मोहम्मद इरफान शेख वल्द नईम शेख (पता नंदई कुआं चौक) को आगामी आदेश तक कार्यवाहक मुतवल्ली नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड रायपुर के सीईओ डॉ. एस ए फारुकी के आदेश पर हुई है। उक्त नियुक्ति पर इरफान को बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है। साथ ही उनके समर्थकों में भारी खुशी की लहर हैं।

**आवश्यकता है**
दैनिक अखबार में काम करने हेतु (रात्रिकालीन) हेल्पर एवं ड्राइवर की
मिलने का समय दोप. 12 से शाम 6 बजे तक।
संपर्क करें
दैनिक दावा बलदेव बाग, राजनांदगांव

# देश के प्रकृति परीक्षण हेतु देशव्यापी राष्ट्रीय अभियान




**प्रकृति परीक्षण कराएं, स्वस्थ एवं निरोग रहें**

राजनांदगांव (दावा)। आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 26 नवम्बर से 25 दिसम्बर 2024 तक देश के प्रकृति परीक्षण हेतु देशव्यापी राष्ट्रीय अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान की शुरूआत राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के प्रकृति परीक्षण से प्रारंभ किया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले के नागरिकों से देश के प्रकृति परीक्षण राष्ट्रीय अभियान अंतर्गत स्वास्थ्य व जागरूकता के संबंध में वास्तविक जानकारी के लिए प्रत्येक परिवार, स्वयं का व अपने परिवार का प्रकृति परीक्षण कराने की अपील की है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा ने बताया कि आयुर्वेद में वर्णित प्रकृति परीक्षण से व्यक्ति की शारीरिक व मानसिक संरचना (प्रकृति) को समझने में सहायक होती है, जिससे व्यक्ति की विशिष्ट प्रकृति के आधार पर व्यक्तिगत स्वास्थ्य योजना, आहार-विहार, दिनचर्या, ऋतुचर्या बनाकर समय पूर्व होने वाले रोगों से बचाव, निदान एवं उपचार किया जा सकता है।

इस अभियान का लाभ लेने तथा व्यक्ति को स्वयं का प्रकृति परीक्षण कराने के लिए सर्वप्रथम अपने मोबाईल में प्रकृति परीक्षण एप डाउनलोड कर सिटीजन के रूप में पंजीकृत होना होगा। प्रकृति परीक्षण हेतु आयुष चिकित्सक वालेन्टियर्स द्वारा नागरिकों से संपर्क किया जा रहा है। इसके साथ ही आयुष औषधालय के चिकित्सक से सम्पर्क कर ऑनलाईन फार्म भरकर आपकी प्रकृति बताकर ऑनलाईन प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

# करदाताओं की सुविधा के लिये 9 दिसम्बर से 14 दिसम्बर तक वार्डों में राजस्व शिविर

**माह अंत तक सम्पत्तिकर का भुगतान कर 4 प्रतिशत छुट का लाभ लेने आयुक्त ने की अपील**

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम राजस्व वसूली के लिये सुनियोजित अभियान चलाने जा रहा है। निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बकाया राजस्व वसूली के लिये वार्ड प्रभारियों के साथ-साथ पूरी राजस्व टीम को वार्डवार शिविर के संबंध में कार्यक्रम निर्धारित कर लक्ष्य के अनुरूप वसूली कार्य सम्पादित करने के निर्देश दिये हैं। राजस्व शिविर के प्रभारी अधिकारी उपायुक्त व राजस्व अधिकारी श्री मोबिन अली रहेंगे।

निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने राजस्व वसूली कार्यक्रम की जानकारी देते हुये बताया कि वर्तमान में नगर निगम की राजस्व वसूली शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप नहीं है। लक्ष्य के अनुरूप वसूली हेतु 25 वार्डो में प्रातः 10:00 बजे से 4:00 बजे तक 9 दिसम्बर से 14 दिसम्बर तक प्रतिदिन वार्डों में चलाये जाने वाले इस अभियान के लिये अधिकारियों व कर्मचारियों को राजस्व वसूली का दायित्व सौपा गया है। उन्होनें बताया कि शासन द्वारा दिसम्बर माह में सम्पत्तिकर का भुगतान करने पर 4 प्रतिशत छुट का प्रावधान है। करदाताओं को छुट का लाभ देने एवं लक्ष्य के अनुरूप वसूली हेतु वार्डो में शिविर आयोजित की जा रही है। शिविर में सम्पत्तिकर के साथ साथ जलकर, समेकितकर, दुकान किराया/लायसेन्स/गुमटी एवं अन्य बकाया की वसूली की जावेंगी।

निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि शिविर दिनांक 9 दिसम्बर से 14 दिसम्बर तक वार्ड नं. 1 कर्मा भवन बजरंगपुर नवागांव में, वार्ड नं. 3 व 8 के लिये सामुदायिक भवन मोतीपुर में, वार्ड नं. 9 व 10 के लिये प्राथमिक शाला शंकरपुर में, वार्ड नं. 13 के लिये सामुदायिक भवन गौरी नगर में, वार्ड नं. 16,17 व 19 के लिये केनरा बैक के सामने ममता नगर में, वार्ड नं. 20 के लिये प्राथमिक शाला पेण्ड्री में, वार्ड नं. 23 के लिये कविता कांप्लेक्स के सामने कमला कालेज चौक में, वार्ड नं. 24 व 25 के लिये पुत्री शाला में, वार्ड नं. 26 के लिये सत्यनारायण धर्मशाल में, वार्ड नं. 31,32 व 36 के लिये प्राथमिक शाला लखोली में, वार्ड नं. 33 के लिये विनायक मार्बल के पास सनसिटी में, वार्ड नं. 40 व 41 के लिये इंदिरा नगर पानी टंकी में, वार्ड नं. 43 के लिये फिरंतीन मंदिर के पास सामुदायिक भवन बसंतपुर में, वार्ड नं. 44 के लिये सामुदायिक भवन महेश नगर में, वार्ड नं. 47 के लिये यादव भवन मोहारा में, वार्ड नं. 49 के लिये पार्षद कार्यालय मोहड में एवं वार्ड नं. 51 के लिये पार्षद कार्यालय हल्दी में प्रातः 10:00 से 4:00 बजे तक शिविर का आयोजन किया गया है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि उपरोक्त शिविर स्थलों में किसी भी वार्ड के करदाता अपनी पुरानी भुगतान रसीद दिखाकर अपने बकाया करों का भुगतान कर सकते है। उन्होंने सभी नागरिकों से नगर निगम द्वारा आयोजित वार्ड शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सम्पत्तिकर में 4 प्रतिशत छुट का लाभ लेकर अपने बकाया करों का भुगतान कर नगर विकास में सहभागी बनने की अपील की है।

# दोस्त का जन्मदिन मनाने गये दो दोस्तों के बीच हुए विवाद में चाकू चला



**पुरानी रंजिश के चलते आरोपी ने किया दोस्त पर चाकू से वार**

राजनांदगांव (दावा)। लालबाग थाना क्षेत्र में दोस्ती का जन्म दिन मनाने गए दोस्तों में विवाद हो जाने से चाकू चल गया। इस घटना से पीड़ित युवक के शरीर से खून निकल आने पर तुरंत उसे अस्पताल ले जाया गया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई जाने पर पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा है। बताया जाता है कि आरोपी पूर्व में मर्डर, हाप मर्डर के केस में सलाखो के पीछे जिस चुका है।

लालबाग थाना प्रभारी नवरतन कश्यप ने बताया कि घटना के संबंध में प्रार्थी द्वारा थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह अपने भाई के बर्थडे में दोस्तो के साथ खाना खाने के लिये शेरे पंजाब ढाबा पेण्ड्री पहुंचे ही थे कि आरोपी आर्यन नायक के द्वारा कुछ बात करना है करके गौरव मेश्राम को वाहन के पीछे साईड लेकर गये जहा दोनो के बीच में पुरानी रंजिश को लेकर धक्का मुक्की होने लगा और आर्यन नायक के द्वारा मां बहन की गंदी- गंदी गाली -गलौच करते हुये अपने पास में रखे चाकू से गौरव मेश्राम को जान से मारने की नियत से उस पर वार कर दिया,जिससे गौरव मेश्राम के शरीर से खून निकलने लगा जिसे ईलाज के लिये अस्पताल ले जाया गया। प्रार्थी के उक्त रिपोर्ट पर थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 552/2024 धारा-109,296 बी0एन0एस0 पंजीबद्व कर विवेचना में लिया जाकर मामले की गंभीरता को देखते हुये हालात से वरिष्ठ अधिकारियो को तत्काल अवगत कराया गया। इस पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के निर्देशानुसार थाना प्रभारी लालबाग श्री कश्यप के नेतृत्व में आरोपी पतासाजी के लिये टीम तैयार किया गया। इस दौरान आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था इसी बीच मुखबीर से सूचना मिली कि उक्त आरोपी घटना कारित कर पेण्ड्री के पास है जिसे घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया।

### दोस्त के मर्डर का उलाहना

आरोपी से गवाहो के समक्ष पूछताछ किए जाने पर उन्होंने बताया कि पूर्व में मर्डर केस में अंदर हुआ था उसी बात को लेकर गौरव मेश्राम 3- 4 बार बोला था कि तूने दोस्त का मर्डर करके ठीक नही किया है करके बोलते रहता था उसी बात का हम दोनो के बीच रंजिश था जो कल फिर से उसी रंजिश को लेकर धक्का मुक्की हुये जिस पर से वह अपने पास में रखे चाकू से वार किया था आरोपी के द्वारा जुर्म स्वीकार करने एवं अपराध धारा सदर का पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से आरोपी आर्यन नायक पिता शंकर नायक उम्र 20 वर्ष निवासी शंकरपुर रामनगर वार्ड नं. 07 उडिया मोहल्ला को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक नवरतन कश्यप, उप निरीक्षक गीतांजली सिन्हा सउनि. राजू मेश्राम, आरक्षक राज कुमार बंजारा की भूमिका रही।

# संत संताजी जगनाडे महाराज की 400वीं जयंती महोत्सव आयोजित

**कल निकलेगी मोटरसाइकिल रैली**



राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाराष्ट्रीयन तेली समाज राजनांदगांव के आराध्य देव संत संता जी जगनाडे महाराज की 400वी जयंती कल 8 दिसम्बर को मनाई जाएगी। जयंती के पावन अवसर पर भरकापारा स्थित श्री पंचमुखी हनुमान जी मंदिर स्वर्गधाम इंदिरा सरोवर से मोटर साइकिल रैली प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए स्टेशन पारा स्थित सामाजिक भवन परिसर पर समाप्त होगी। तत्पश्चात भवन परिसर पर स्थापित संत महाराज की प्रतिमा की पूजा अर्चना, महाआरती व गुरु वंदन तथा भागवा ध्वज फहराया जायेगा। समाज के अध्यक्ष राजेश (बंडू) समरीत व महिला मंडल अध्यक्ष मंजू बुटले ने समाज के सभी वरिष्ठजन, महिला पुरुष व नवयुवक भाई बहनों से जयंती उत्सव में शामिल होने की अपील की है।

**प्लॉट बेचना है**
राजनांदगांव पेन्ड्री में नेशनल हाईवे से 100 मीटर की दूरी पर डायवर्टेड आवासीय प्लॉट
रोड, नाली, बिजली की सुविधा उपलब्ध
- : संपर्क :-
62641-56342

# महापौर व अध्यक्ष के प्रत्यक्ष चुनाव से लोगों में खुशी, जनता योग्य व्यक्ति का करेगी चयन

## नगरीय निकाय चुनाव की आहट, मतदाता सूची प्रकाशन के बाद लगेगी आचार संहिता

राजनांदगांव (दावा)। नगरीय निकाय का कार्यकाल आगामी 5 जनवरी को खत्म हो रहा है। उसके पहले नगरीय निकायों का चुनाव करवा लेनी होगी है। चुनाव आयोग को इसी अवधि में चुनाव की प्रक्रिया संपन्न करानी है।

बता दें कि इस बार प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार ने कांग्रेस के समय? के पुराने नियम को पलटते हुए नगर निकाय चुनाव में प्रत्यक्ष रुप से महापौर व अध्यक्ष चुने जाने की व्यवस्था की है। इससे लोगों में खुशी देखी जा रही है। इसके चलते नगर निगम में महापौर तथा नगर पालिका व नगर पंचायतों में अध्यक्ष का चुनाव जीते हुए पार्षद नहीं बल्कि सीधे जनता करेगी। इससे नगरीय निकाय चुनाव की प्रक्रिया में पारदर्शिता तो आएगी ही खरीद-फरोख्त वाली राजनीति पर भी रोक लग सकेगा। यही वजह है कि राज्य सरकार के इस निर्णय का हर वर्ग स्वागत कर रहा है।

भाजपा के वरिष्ठ व किसान नेता अशोक चौधरी ने कहा कि प्रत्यक्ष चुनाव से हर मतदाता की इच्छा, पसंद और उनकी सोच सामने आ सकेगी। पार्षदों के माध्यम से चुनाव में जनादेश का निरादर होता था। अनचाहा व्यक्ति चुन लिया जाता था। अब जनता प्रत्यासियों का आंकलन कर सीधे महापौर चुनेगी।

इसी तरह पूर्व उर्जा मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता धनेश पाटिला ने कहा कि जनता द्वारा सीधे महापौर चुने जाने में कोई हर्ज नहीं है। योग्य व उचित व्यक्ति चुने जाने से जनता के प्रति उनकी जवाबदेही बनी रहेगी। सरकार ने फैसला ले लिया है, तो उसके हिसाब से चुनाव होगा।

बताते चलें कि दो माह पहले से ही निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम चल रहा है। नाम जोड़ने व विलोपन के लिए थोक के भाव में आवेदन पहुंचे हैं। निगम क्षेत्र के अलावा नगर पालिका व पंचायतों में भी मतदाता सूची तैयार हो रही है। जानने में आ रहा है कि आगामी 11 दिसंबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा। जिसके बाद पंचायत क्षेत्रों की सूची का प्रकाशन होगा।

सुनने में आ रहा है कि 15 दिसंबर के आसपास आचार संहिता लग सकती है और चुनाव जनवरी में होने के आसार बन रहे हैं। यदि नगर पालिका व नगर पंचायत का चुनाव एक साथ किए जाने की मंशा बनती है तो चुनाव की तारीख में थोड़ी फेर बदल हो सकती है।

### यथावत रहेंगे शहर के वार्ड

बता दें कि शहर के 51 वार्डो का 4 महिने पहले परिसीमन हो चुका है। परिसीमन के बाद भी ये सभी वार्ड यथावत बने रहेंगे। कुछ वार्ड को जरूर इधर से उधर जोड़ा जाएगा, लेकिन वार्ड जितने है उतने ही रहेंगे। सभी वार्डों में कम से कम तीन से साढ़े तीन हजार वोटर रहे इसका ध्यान रखा गया है। बड़े वार्डो की आबादी व क्षेत्रफल के हिसाब से संतुलन बनाने के प्रयास भी किए गए हैं। शहर का कैलाश नगर वार्ड नया अस्तित्व में आएगा। इससे वार्ड नं 29 के मठपारा क्षेत्र को थोड़ा समेटा जा रहा था किन्तु दावा-आपत्ति के बाद उक्त वार्ड यथावत रहेगा।

### आरक्षण पर टिकी निगाहें

नगर निगम के अंतर्गत आने वाले 51 वार्डो में अब पार्षद चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों की आरक्षण पर निगाहें टिकी हुई है। आचार संहिता लगने के दौरान ही वार्डो की आरक्षण सूची जारी होगी। बता दें कि पहले ओबीसी आरक्षण 25 प्रतिशत रहा लेकिन अभी हाल ही में कैबिनेट बैठक में सरकार ने निकायों में 50 प्रतिशत आबादी के हिसाब से ओबीसी आरक्षण देने का फैसला किया है। अब इसे राज्यपाल की सहमति के बाद राजपत्र में भी प्रकाशित कर दिया गया है। इससे तय है कि इस चुनाव में ओबीसी वर्ग को 50 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। वर्तमान में नगर निगम में कांग्रेस की ओबीसी वर्ग महिला महापौर है। पिछली बार भी महापौर का पद ओबीसी के लिए आरक्षित रहा लेकिन इस बार क्या होगा आचार संहिता लगने व आरक्षण की सूची जारी होने पर ही पता चल पाएगा। जिसके बाद देखना होगा कि नगर निगम चुनाव में अखपार्षद से लेकर महापौर चुनाव लड़ने कौन सामने आ रहे हैं। इसे लेकर जनता में उत्सुकता बनी हुई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com